दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा मंगलवार 02 जुलाई 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 520

आवश्यकता

सुपौल, सीतामढ़ी मधुबनी, बेगूसराय, मुंगेर, जमुई, के लिए संवाददाता सह विज्ञापन प्रतिनिधि के रूप में काम करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

9525278483, 6200031466

संक्षिप्त खबरें ।

हरियाणा में दोहरा सकता है इतिहास

लोक तंत्र की आवाज

चंडीगढ़। पिछले साल राज्यसभा के दोवार्षिक चुनाव में कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय माकन को हरियाणा से उम्मीदवार बनाया था। दो सीटों के चुनाव थे, जिसमें भाजपा और कांग्रेस दोनों को एक एक सीट मिलने की पूरी संभावना थी। लेकिन पूर्व कांग्रेसी नेता विनोद शर्मा ने अपने बेटे कार्तिकेय शर्मा को निर्दलीय उम्मीदवार बना दिया और भाजपा ने उनका समर्थन कर दिया। कांग्रेस के विधायकों को तोड़ फोड़ से बचाने के लिए उनको रायपुर के रिसॉर्ट में ले जाकर रख गया। सारे विधायक चुनाव के दिन ही चंडीगढ़ लाए गए। फिर भी अजय माकन एक वोट से हार गए। माना जाता है कि वह एक वोट कांग्रेस की विधायक किरण चौधरी का था। पिछले दिनों किरण चौधरी भाजपा में शामिल हो गई हैं।

जानकार सूत्रों का कहना है कि भाजपा की ओर से उनको राज्यसभा का उम्मीदवार बनाया जा सकता है। गौरतलब है कि दीपेंद्र हुड्डा के लोकसभा का चुनाव जीत जाने से उनकी राज्यसभा सीट खाली हुई है। उस पर उपचुनाव होना है। अगर भाजपा किरण चौधरी को उम्मीदवार बनाती है तो कांग्रेस और खास कर भूपेंद्र सिंह हुड्डा कोई बड़ा दांव चल सकते हैं। अभी सत्तापक्ष के मुकाबले एक वोट विपक्ष के पास ज्यादा है। सरकार से समर्थन वापस लेने वाले दुष्यंत चौटाला राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस का साथ देने को तैयार हैं। तीन निर्दलीय विधायक भी कांग्रेस के साथ हैं। सो, कांग्रेस और उसके समर्थकों की संख्या 44 है, जबकि भाजपा के पास 43 विधायक हैं। तीन सीटें खाली हैं। किरण चौधरी के लड़ने पर हुड्डा भी किसी ऐसे निर्दलीय को आगे कर सकते हैं, जो अतिरिक्त वोट का जुगाड़ कर सके या विपक्ष के सारे वोट संभाल सके।

नीतीश कुमार ने मोदी सरकार के सामने दो विकल्प रखे, स्पेशल स्टेटस नहीं तो विशेष पैकेज दो

लोक तंत्र को आवाज

नई दिल्ली। बिहार को विशेष राज्य के दर्जे का मुद्दा एक बार फिर गर्मा गया है। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दिल्ली में हुई बैठक के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र के सामने फिर से यह मांग रख दी। बैठक में कहा गया कि बिहार को आर्थिक रूप से विकसित करने के लिए यह विशेष दर्जा मिलना जरूरी हो गया है। हालांकि, नीतीश ने केंद्र के सामने थोड़ा सॉफ्ट खेलते हुए इस बार दो विकल्प रखे हैं। उन्होंने मोदी सरकार से कहा है कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा मिलना चाहिए, लेकिन स्पेशल स्टेटस ना मिले तो विशेष पैकेज ही मिल जाए तो भी अच्छा रहेगा। नीतीश ने केंद्र के सामने दो विकल्प क्यों रखें, इसे लेकर राजनीतिक गलियारे में चर्चाओं का दौर भी चल रहा है।

जेडीयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में राज्यसभा सांसद संजय झा को नीतीश ने पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाया। संजय झा ऐसे नेता हैं जिनका बैकग्राउंड भारतीय जनता पार्टी

(बीजेपी) का रहा है। उनकी बीजेपी के कई नेताओं से नजदीकी की चर्चा भी होती रहती है। इस साल इंडिया गठबंधन से जेडीयू की एनडीए में वापसी कराने में झा की अहम भूमिका रही थी। नीतीश ने उन्हें जेडीयू में नंबर दो का नेता बनाकर यह संकेत दिए हैं कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले वे बीजेपी से कोई तकरार नहीं चाहते हैं। कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद संजय झा ने स्पष्ट भी किया कि जेडीयू एनडीए में बनी रहेगी। दूसरी ओर, विशेष राज्य के दर्जे की मांग जेडीयू लंबे समय से कर रही है। 6 महीने पहले जब नीतीश के नेतृत्व में बिहार के अंदर महागठबंधन की सरकार थी, तब राज्य कैबिनेट ने स्पेशल स्टेटस का प्रस्ताव मंजूर कर केंद्र को भेजा था। हालांकि, बाद में नीतीश महागठबंधन छोड़कर एनडीए में वापस आ गए। अब उनपर फिर से अपनी कैबिनेट से ऐसा ही प्रस्ताव मंजूर कर केंद्र को भेजने का दबाव बन रहा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शनिवार को नीतीश से यह मांग भी कर दी।

माना जा रहा है कि नीतीश कुमार को आशंका थी कि विशेष राज्य के दर्जे की मांग पर बीजेपी और जेडीयू में टकराव की स्थिति बन सकती है। इसे देखते हुए उन्होंने मोदी सरकार के सामने दो विकल्प रख दिए। अगर स्पेशल स्टेटस नहीं देना है तो केंद्र बिहार को विशेष पैकेज ही दे दे। इससे कई मौकों पर विशेष राज्य का दर्जा देने से इनकार कर चुकी मोदी सरकार के लिए भी आसानी होगी। वहीं, विशेष पैकेज मिलता है तो जेडीयू भी खुलकर कह सकेगी कि उन्होंने केंद्र से अपनी मांग मनवा ली। साथ ही आगामी बिहार चुनाव में बीजेपी और जेडीयू दोनों ही पार्टियां मिलकर जनता को अपनी उपलब्धि बता सकेंगी।

लोकसभा चुनाव के दौरान पिछले महीने पटना आईं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने कहा था कि अगर किसी राज्य को विशेष दर्जा देना है तो पहले केंद्रीय वित्त आयोग की रिपोर्ट में इसका सुझाव आना चाहिए। तभी केंद्र सरकार इस बारे में आगे विचार करेगा। अब तक वित्त आयोग की ओर से ऐसा कोई सुझाव नहीं आया है। उन्होंने यह भी कहा कि 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार को 1.25 लाख करोड़ रुपये का पैकेज देने की घोषणा की गई थी। माना जा रहा है कि आगामी बिहार चुनाव से पहले भी मोदी सरकार ऐसे ही एक बड़े पैकेज की घोषणा कर सकती है।

लोकसभा में राहुल गांधी ने लहराई भगवान शंकर की तस्वीर, स्पीकर ने दिखा दी नियम पुस्तिका

लोक तंत्र की आवाज

नई दिल्ली। लोकसभा में पीएम मोदी बैठे थे, नारों के शोर में राहुल गांधी को रोकनी पड़ी स्पीच। लोकसभा में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बैठे थे और विपक्ष के नेता राहुल गांधी बोलने के लिए खड़े हुए तो सत्तापक्ष के सदस्यों ने 'भारत माता की जय' के नारे. राहुल को अपनी स्पीच बीच में ही रोकनी पड़ी. स्पीकर भी खामोश रहे. इसके बाद मोदी–मोदी के नारे गूंजने लगे. स्पीकर कभी बाएं देखते, कभी दाएं देखते. राहुल ने जय संविधान कहा और विपक्ष में हंसी की लहर दौड़ गई. राहुल ने पीछे मुड़कर कहा– कॉपी है?

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान आज लोकसभा की कार्यवाही 2.10 बजे शुरू हुई तो राहुल ने संविधान दिखाते हुए 'जय संविधान' का नारा लगाया. उन्होंने कहा कि इसकी हमने रक्षा की है. देश ने मिलकर संविधान की रक्षा की है. अच्छा लग रहा है कि बीजेपी के लोग हर 2–3 मिनट पर संविधान–संविधान कह रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि पिछले 10 वर्षों में संविधान पर लगातार हमले हुए हैं. जिसने भी... इसके बाद फिर शोर बढ़ गया. सत्तापक्ष के सदस्यों ने विरोध जताया तो विपक्ष के लोग भी खड़े हो गए. राहुल ने कहा– अभी वॉर्मअप हो रहा है. हममें से कई पर निजी हमले हुए, हममें से कई नेता अब भी जेल हैं. न केवल विपक्ष बल्कि कोई भी जो सत्ता के केंद्रीकरण, पैसे के केंद्रीकरण, दलित–अल्पसंख्यक पर दमन का विरोध करने वाले को कुचला गया. मुझ भी हमले हुए, सरकार के निर्देश पर, जाहिर है पीएम के द्वारा. 20 से ज्यादा केस. 2 साल जेल की सजा. घर लिया गया, कोई समस्या नहीं. जानबूझकर गाली दी गई और अटैक किए गए. 55 घंटे ईडी ने पूछताछ की गई। आखिर में ऑफिसर ने ऑफ–कैमरा कहा कि आप पत्थर जैसे हो, आप हिलते क्यों नहीं. आज मैं आरएसएस और भाजपा में अपने दोस्तों से कहना चाहता हूं, जो पूरा विपक्ष इस्तेमाल करता है।

डिप्टी स्पीकर पद के लिए ममता के सुझाए नाम पर इंडिया ब्लॉक में हलचल, अखिलेश को भी पसंद आया नाम

लोक तंत्र की आवाज

नई दिल्ली। लोकसभा स्पीकर का चुनाव हो जाने के बाद अब सभी की नजरें डिप्टी स्पीकर पद पर लगी हैं। इस पद के लिए एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों के बीच रस्साकशी जारी है। इंडिया गठबंधन चाहता है कि विपक्ष इस बार मजबूत है इसलिए यह पद उसे मिलना चाहिए लेकिन सत्ता पक्ष यानी एनडीए इसके लिए तैयार नहीं दिख रहा। इस बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने डिप्टी स्पीकर के लिए जो नाम सुझाया है, उस पर विपक्षी खेमा एकजुट नजर आ रहा है।

फैजाबाद–अयोध्या सीट जीतकर

संसद पहुंचे हैं अवधेश : ममता ने डिप्टी स्पीकर पद के लिए फैजाबाद से सांसद अवधेश प्रसाद का नाम सुझाया है। ममता के इस दांव से सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव खुश बताए जा रहे हैं। बता दें कि 78 वर्षीय अवधेश प्रसाद फैजाबाद–अयोध्या सीट जीतकर संसद में पहुंचे हैं। वह दलित समुदाय से आते हैं। यह सीट जीतने के बाद अवधेश विपक्ष में खासा लोकप्रिय हो गए हैं। उन्हें अक्सर अखिलेश यादव के साथ देखा जा रहा है।

राजनाथ से बातचीत में ममता ने सुझाया नाम–सूत्र

रिपोर्टों के मुताबिक डिप्टी स्पीकर पद के लिए एनडीए गठबंधन की ओर से भी प्रयास हो रहे हैं। रिपोर्टों में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस सिलसिले में ममता बनर्जी से बात की। इस बातचीत में ममता ने डिप्टी स्पीकर पद के लिए अवधेश प्रसाद का नाम सुझाया। बताया जा रहा है कि ममता के इस नाम का विपक्ष के कई दलों ने स्वागत किया है। ऐसा लगता है कि अवधेश प्रसाद को डिप्टी स्पीकर बनाने के लिए कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और सपा के बीच सहमति बन चुकी है। विपक्ष की ये तीन सबसे बड़ी पार्टियां हैं।

पुतिन के कंधे पर सवार किम जोंग-उन ने यूएस को दिखाईं आंखें, साउथ कोरिया-जापान की बढ़ा दी टेंशन

लोक तंत्र की आवाज

सोल। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग–उन कब क्या कर जाएं कोई नहीं कह सकता. पुतिन के भरोसे पर सवार इस तानाशाह ने अब एकसाथ तीन देशों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया. दरअसल उत्तर कोरिया ने सोमवार तड़के दक्षिण कोरिया पर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दाग दीं. साउथ कोरियन सेना ने यह जानकारी दी है, जिससे इलाके में तनाब बढ़ने की आशंका है।

दक्षिण कोरिया, अमेरिका और जापान के अभी–अभी संयुक्त सैन्य अभ्यास का पूरा किया है. इसे लेकर तानाशाह किम जोंग पहले ही नाराजगी जता चुके हैं. ऐसे

में इस मिसाइल अटैक को इसी सैन्य अभ्यास के खिलाफ चेतावनी के रूप में दखा जा रहा है. पुतिन के साथ हुए हालिया समझौते के बाद किम अलग ही तेवर में तेवर में दिख रहे हैं।

पुतिन और किम में क्या हुई डील?: उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग–उन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के पिछले महीने प्योंगयांग में एक शिखर सम्मेलन के दौरान 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे. इस समझौते में यह वादा भी शामिल है कि अगर हमला होता है तो दोनों देश एक–दूसरे की मदद करेंगे. इसके बाद से प्योंगयांग और मॉस्को के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग को लेकर चिंता जताई जाने लगी थी. इस बीच किम के इस ताजा मिसाइल अटैक ने फिक्र की नई लकीरें खींच दी हैं।

नॉर्थ कोरिया ने दागी मिसाइलें

उधर दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने कहा कि दक्षिण ह्वांगहे प्रांत के जंगयोन क्षेत्र से सोमवार सुबह करीब 5:05 बजे उत्तर–पूर्वी दिशा में एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई. इसके तुरंत बाद सुबह करीब 5:15 बजे एक और बैलिस्टिक मिसाइल दागी गई. योनहाप समाचार एजेंसी ने इस बारे में और जानकारी नही दी।

अमेरिका को क्यों बहुत जोर से उमड़ रहा तिब्बत प्रेम? दलाई लामा से प्यार या चीन से तकरार

लोक तंत्र की आवाज

नई दिल्ली। चीन और अमेरिका की अदावत किसी से छिपी नहीं है. गाहे–बगाहे दोनों एक–दूसरे पर शब्दों के बाण चलाते रहते हैं. अमेरिका अब चीन को चौतरफा घेरने में लगा है. चाहे ताइवान हो या तिब्बत, अमेरिका अब हर मुद्दे पर चीन को पटखनी देने की तैयारी में है. यही वजह है कि अमेरिका चीन को चारों ओर से घेर रहा है. तिब्बत पर अमेरिका तो हाइपर एक्टिव हो चुका है. अमेरिका का तिब्बत को लेकर 'रिजॉल्व तिब्बत एक्ट' बिल पास करना, धर्मशाला में दलाई लामा से अमेरिकी डेलिगेशन का मिलना, ताइवान को खुलेआम समर्थन देना, हथियार सप्लाई करना ङ्क किसी बड़े गेम की ओर इशारा कर रहे हैं. तिब्बत के प्रति अचानक उमड़ा यह प्रेम बता रहा है कि अमेरिका के मन में चीन के खिलाफ कुछ नई खिचड़ी पक रही है. अब सवाल उठता है कि आखिर अमेरिका के तिब्बत प्रेम की वजह दलाई लामा से प्यार है या फिर चीन से तकरार?

हाल के दिनों में जिस तरह से साउथ चाइन सी इलाके में चीन अपनी धाक जमा रहा है, उससे अमेरिका वाकिफ है. चीन दुनिया भर में अब एक नई शक्ति के रूप में उभरता दिख रहा है. स्पेस हो या इकोनॉमिक फ्रंट, अमेरिका को चीन से ही चुनौती मिल रही है. समंदर में किस तरह से चीन का दबदबा बढ़ रहा है, यह अमेरिका देख रहा है. ऐसा माना जाता है कि दक्षिण चीन सागर के नीचे विशाल तेल और गैस भंडार मौजूद हैं. इसलिए चीन यहां अपना दबदबा बनाकर रखना चाहता है. ऐसे में अमेरिका चुप रहे, यह कैसे संभव है. यही वजह है कि अमेरिका चीन के खिलाफ तिब्बत वाला फ्रंट खोलकर रखना चाहता है. तिब्बत ऐसा इलाका है, जहां से अमेरिका चीन पर नकेल कस सकता है. भारत की तरफ से भी अमेरिका को चीन के खिलाफ एक्शन लेने में कोई दिक्कत नहीं होगी. भारत भी तो चीन को घेरने में ही लगा है।

अमेरिका बढ़ा रहा चीन की चिंता

'रिजॉल्व तिब्बत एक्ट' तिब्बत पर चीन के अधिकारों को नकारता है. अमेरिका के दोनों सदनों से इस विधेयक को पास कर दिया गया है. इस पर केवल राष्ट्रपति बाइडन के सिग्नेचर का इंतजार है. वही, हाल ही में अमेरिका ने अपने सांसदों के एक डेलिगेशन को धर्मशाला में दलाई लामा से मिलने भेजा था. यह सबकुछ अमेरिका जान बूझकर कर रहा है.

चीन के खिलाफ तिब्बत तुरुप का इक्का?: अमेरिका को भी पता है कि अभी लोहा गरम है और उसे कब हथौड़ा मारना है. तिब्बत में अभी चीन विरोधी लहर सातवें आसमान पर है. दलाई लामा ने तिब्बत में चीन के खिलाफ आग सुलगा रखी है. अमेरिका उसमें अब घी डालने का काम कर रहा है. दरअसल, चीन तिब्बत पर अपना दावा करता रहा है. जबकि तिब्बत के लोग उसकी अधीनता स्वीकार करने के पक्ष में नहीं हैं. वह लंबे समय से स्वायतता की लड़ाई लड़ रहे हैं. चीन पूरे तिब्बत को अपना हिस्सा मानता है. हालांकि, तिब्बत के लोग सालों से आजादी का सपना देख रहे हैं. यही वजह है कि चीन के खिलाफ अमेरिका को तुरुप का इक्का मिल चुका है. अमेरिका के पास अभी तिब्बत के अलावा ताइवान भी है, जिसके सहारे चीन को कमजोर करने की कोशिश है।

शेखपुरा में एक्सिस बैंक से दिनदहाड़े करीब 50 लाख की लूट से मचा हड़कंप

लोक तंत्र की आवाज

शेखपुरा। बिहार में अपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बेखौफ अपराधी एक के बाद एक आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला शेखपुर का है। जहां सुबह सुबह एक्सिस बैंक से अपराधियों ने करीब 50 लाख से अधिक रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि 10 से ज्यादा बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है।

बताया जा रहा है कि अपराधियों ने पहले बैंक कर्मियों को बंधक बनाया जिसके बाद बैंक में बड़ी लूट की घटना को अंजाम दिया। दरअसल, पूरा मामला

बरबीघा थाना क्षेत्र का है। जहां अपराधियों ने हथियार के बल पर करीब 50 लाख रुपए की लूट की है। फिलहाल मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। फिलहाल बैंककर्मी इस मामले में बयान देने से इनकार कर रहे हैं। वहीं पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे को खंगाल रही है। लूट का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिखा जा रहा है कि, एक युवक पहले से ही बैंक में बैठा था। तभी एक अन्य बदमाश बैंक में घुसता है। और बैंक में बैठे युवक भी हथियार निकाल कर बैंक कर्मियों को बंधक बना लेता है। एक सीसीटीवी फुटेज में दो युवक दिख रहे हैं जो हथियार के बल पर सभी कर्मियों को उनके डेक्स से हटा रहे हैं।

गाजा में इजरायली सैनिकों का कैसे मुकाबला कर रहा हमास? नया वीडियो किया जारी, बम बनाते दिखे लड़ाके

लोक तंत्र की आवाज

गाजा। फिलिस्तीन के गाजा और रफाह शहर में इजरायली सेना के ताबड़तोड़ हमले जारी हैं. इस बीच इस्लामिक रेजिस्टेंस मूवमेंट यानी हमास की हथियारबंद यूनिट अल–कस्साम ब्रिगेड ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें उसके सदस्य बम बनाते दिख रहे है. वो लोग इन विस्फोटकों का इस्तेमाल गाजा पट्टी के शहरों में घुसने वाले इजरायली सैनिकों के खिलाफ करते हैं। चालीस सेकंड के इस वीडियो में हमास के लड़ाके डिवाइस को पेंट करते और उन्हें पोर्टेबल बैग में रखते हुए दिख रहे हैं. ये

बैग काले कपड़े से ढके हुए हैं, जिस पर लिखा है: 'जो मेरी मौत चाहता है, वह मृगतृष्णा ङ्क और (ऑपरेशन) अल–अक्सा फ्लड का पीछा कर रहा है।

इजरायली वाहनों और सैनिकों को बनाया निशाना: समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने रविवार को बताया कि अल–क़स्साम ब्रिगेड ने पिछले अक्टूबर से गाजा में इजरायली सेना के साथ चल रहे युद्ध के दौरान पहली बार ₹फिदायीन ऑपरेशन₹ डिवाइस के इस्तेमाल की घोषणा की है. वीडियो जारी होने से पहले अल–क़स्साम और इस्लामिक जिहाद आंदोलन की सैन्य शाखा अल–कुद्स ब्रिगेड ने रविवार को पूर्वी गाजा शहर के शुजैया मोहल्ले और शहर के दक्षिण में ताल अल–हवा मोहल्ले में इजरायली वाहनों और सैनिकों को निशाना बनाने का दावा किया था। अल–क़स्साम ने एक बयान में कहा कि उसके सदस्यों ने ताल अल–हवा के दक्षिण में ₹यासिन 105 रॉकेट से एक इजरायली नामर एपीसी (सैनिकों को ले जाने वाले बख्तरबंद वाहन) को नष्ट कर दिया।

खबरदार! अगर किसी ने इसे जंगलराज कहा तो? पीएम मोदी और सीएम नीतीश ने बिहार में लाया महामंगलराज, अचानक ये क्या बोलने लगे तेजस्वी

लोक तंत्र की आवाज

पटना। बिहार में बढ़ते अपराध को लेकर नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव लगातार डबल इंजन की सरकार को घेर रहे हैं। हर रोज तेजस्वी बिहार के क्राइम बुलेटन को जारी कर पीएम मोदी और सीएम नीतीश पर निशाना साध रहे हैं। एक बार फिर तेजस्वी ने इस मामले में अनोखे अंदाज में सरकार को घेरा है। साथ ही तेजस्वी ने चेतावनी दी है कि तमाम हत्याओं और अपराधिक मामलाओं के बाद भी कोई ये नहीं कहेगा कि बिहार में जंगलराज है। क्योंकि बिहार में मोदी और नीतीश जी द्वारा लाया गया महाजंगल राज है।

दरअसल, तेजस्वी यादव इन दिनों सोशल मीडिया के जरिए बिहार के डबल इंजन सरकार को घेर रहे हैं। तेजस्वी ने आज फिर ट्विट कर नीतीश सरकार पर प्रहार किया है। तेजस्वी ने दो ट्विट कर दर्शाया है कि कैसे बिहार में क्राइम बढ़ रहा है। पहली ट्विट में तेजस्वी ने क्राइम की खबरों को साझा करते हुए लिखा कि, गोली, गोल, गोली, हत्या, हत्या, हत्या, । उन्होंने कहा कि आज बिहार के हर कोने में गोली चल रही है और हत्याओं का दौर जारी है। वहीं दूसरे ट्विट में तेजस्वी ने लिखा कि, गोली, गोल, गोली, यह मोदी जी और नीतीश जी द्वारा बिहार में लाया गया महा मंगलराज है। खबरदार ! अगर किसी ने इसे जंगलराज कहा तो?। तेजस्वी यादव ने इस ट्विट के दरिए बिहार के डबल इंजन सरकार पर बड़ा हमला बोला है। तेजस्वी यादव ने कहा कि, बिहार में पीएम मोदी और सीएम नीतीश के द्वारा महामंगल राज लाया गया है। कोई इसे जंगलराज नहीं कहेगा।

बता दें कि, तेजस्वी यादव लगातार बिहार सरकार पर हमलावर है। 30 जून का बुलेटिन जारी करते हुए उन्होंने बताया की बिहार में अपराधियों का तांडव जारी है।

संक्षिप्त खबरें ।

वज्रपात से अधेड़ घायल

रौशन कुमार सोनू

कौआकोल(नवादा)। सोमवार को बारिश के दौरान हुए वज्रपात से कौआकोल थाना क्षेत्र के लोहसिंहानी गांव निवासी 51 वर्षीय विशुनदेव यादव गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे स्थानीय चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए नवादा रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि विशुनदेव यादव गांव से पश्चिम तरफ बधार में मवेशी चरा रहा था। बारिश के दौरान वह पेड़ के पास छिपा हुआ था। इसी दरम्यान हुए वज्रपात से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां स्थानीय लोगों द्वारा भलुआही में निजी चिकित्सक के यहां इलाज के लिए ले जाया गया। जहां गंभीर स्थिति रहने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद नवादा रेफर कर दिया गया है।

कौआकोल : आम नागरिकों को दी गई नये कानून की जानकारी

रौशन कुमार सोनू

कौआकोल(नवादा)। कौआकोल थाना परिसर में सोमवार को कार्यक्रम आयोजित कर आम नागरिकों को 01 जुलाई से लागू हुए नये कानून की जानकारी दी गई। कौआकोल थानाध्यक्ष दीपक कुमार द्वारा स्थानीय नागरिकों को आमंत्रित कर तीनों नये अपराधिक कानूनों की प्रमुख विशेषताओं के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को विशेष रूप से महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख प्रावधानों के बारे में अवगत कराया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि नये कानून के तहत् अब कोई भी व्यक्ति पुलिस थाना गये बिना ही इलेक्ट्रॉनिक संचार माध्यम से घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करा सकता है। जीरो एफआईआर से अब कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकता है। भले ही अपराध उसके अधिकार वाले क्षेत्र में नहीं हुआ हो। इससे कानूनी कार्यवाही शुरू करने में होने वाली देरी खत्म होगी और मामला शीघ्र दर्ज किया जा सकेगा। नये कानून लागू होने पर विभिन्न अपराध दर्ज करने की धाराएं और न्याय व्यवस्था में बदलाव के बारे में भी आम नागरिकों को जानकारी दी गई। इस दरम्यान थानाध्यक्ष द्वारा नये कानून पर तैयार एक एक पुस्तिका भी आम नागरिकों को उपलब्ध कराया गया।

चोरी के अपाची बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार, भेजे गए जेल

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। थाना क्षेत्र के रजौली बाईपास के समीप अपर थानाध्यक्ष सह एसआई अजय कुमार ने वाहन जांच के दौरान एक चोरी की अपाची बाइक के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बीते रविवार की संध्या वाहन जांच के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर के एक अपाची को रोका गया।अपाची पर सवार युवकों से बाइक के कागजात की मांग की गई, लेकिन उनदोनों द्वारा कागजात नहीं होने की बात कही गई।साथ ही गाड़ी के मालिक के नाम आदि का संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। जिसके बाद अपाची बाइक को जप्त करते हुए दोनों युवकों को भी हिरासत में लेकर थाना परिसर लाया गया। गिरफ्तार युवकों की पहचान गोविंदपुर थाना क्षेत्र निवासी किस्टो साव के बेटे विकास कुमार एवं सुरेश यादव के बेटे राहुल कुमार के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष ने कहा कि चोरी के जप्त बाइक एवं गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।वहीं दोनों गिरफ्तार लोगों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

देश में लागू हुए नए आपराधिक कानून, आईपीसी , सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट की जगह लेंगे तीन नए कानून : सुनील कुमार

लोक तंत्र की आवाज़

सुनील कुमार

नवादा । पुरे भारत में सोमवार 01 जुलाई से नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन नए आपराधिक कानून आज से लागू होंगे। आईपीसी की जगह अब भारतीय न्याय संहिता कानून ले लेगा। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल के दौरान इन तीनों नए कानूनों को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पारित कराए थे। जो राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद ये तीनों कानून 01 जुलाई से पूरे देश में लागू हो जाएंगे। उक्त बातें हिसुआ थाना परिसर आयोजित बैठक में डीएसपी सुनील कुमार ने कहा। डीएसपी सुनील कुमार कहा कानून की धारा 375 और 376 की जगह अब नए कानून में दुष्कर्म की धारा 63 होगी जबकि गैंगरेप की धारा 70 हो जाएगी। वहीं हत्या के लिए अब धारा 302 की जगह धारा 101 लागू होगी। भारतीय न्याय संहिता मं 21 नए अपराधों को जोड़ा गया है, जिसमें मॉब लिंचिंग भी शामिल है। सरकार ने मॉब लिचिंग को लेकर कानून बनाया है। कुल 41 अपराध की सजा को पहले से बढ़ा दिया गया है वहीं 82 अपराधों में जुर्माना की राशि बढ़ाई गई है। नए कानून के अनुसार, आपराधिक मामलों की सुनवाई खत्म होने के बार 45 दिनों के भीतर फैसला आएगा। पहली सुनवाई के दो महीने के भीतर आरोप तय किए जाएंगे। राज्यों की सरकार को गवाहों की सुरक्षा और सहयोग के लिए गवाह सुरक्षा योजनाएं लागू करना होगा। नए कानून के मुताबिक अब महिला पुलिस दुष्कर्म पीड़ितों का बयान उनके अभिभावकों की मौजूदगी में दर्ज करेगी। सात दिन के भीतर मेडिकल रिपोर्ट पूरी होनी चाहिए। महिला और बच्चों के खिलाफ अपराधों को लेकर कानून में एक नया अध्याय जोड़ा गया है। इसमे बच्चे को खरीदना या बेचना जघन्य अपराध होगा, जिसके लिए सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। नए कानून ते तहत नाबालिक के साथ गैंगरेप के लिए मौत की सजा या आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। लड़कियों या महिलाओं को शादी का झूठा वादा करके गुमराह करने के मामलों में भी सजा का प्रावधान किया गया है। महिलाओं के खिलाफ अपराध के पीड़ितों को 90 दिनों के अंदर अपने मामलों पर जानकारी हासिल करने का अधिकार होगा। महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराध के मामले में सभी अस्पतालों को मुफ्त इलाज करना जरूरी होगा। प्रशिक्षु डीएसपी कामिनी कौशल, थानाध्यक्ष अनिल कुमार ,हिसुआ बीडीओ रितेश कुमार ,एसआई रूपा कुमारी ,एसआई धनवीर कुमार , सुजाता कुमारी ,अरविंद कुमार सुमन ,एएसआई संतोष कुमार सिंह, विजेंद्र कुमार ने भी अपनी बातों क़ो रखा। बैठक में जिला परिषद सदस्य उमेश यादव ,नगर परिषद अध्यक्षा पूजा कुमारी ,उपाध्यक्ष टिंकू चौधरी ,भाजपा नेता अशोक चौधरी ,वार्ड पार्षद शंभू शर्मा , जितेंद्र कुमार ,मो .असगर अली ,मनोज यादव ,विनोद कुमार , अखिलेश सिंह ,मोहम्मद शमीम ,मोहम्मद नन्हू ,मोहम्मद शमशाद ,धनंजय सिंह ,मो .तस्लीम रज़ा, दिलीप अधिवक्ता ,मधुसूदन चौधरी आदि शामिल हुए।

तीनों नए कानूनों को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पारित कराए थे

इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से भी घटनाओं की रिपोर्ट की जा सकेगी

आरोपी और पीड़ित दोनों को 14 दिनों के भीतर एफआईआर , पुलिस रिपोर्ट, चार्जशीट, बयान, इकबालिया बयान और अन्य दस्तावेजों की प्रति प्राप्त करने का अधिकार है। नए कानून के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से भी घटनाओं की रिपोर्ट की जा सकेगी, जिससे पीड़ित को पुलिस स्टेशन जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पीड़ित अपने अधिकार क्षेत्र वाले थाने के बजाए किसी भी थाने में दर्ज करा सकेंगे। गंभीर अपराधों के लिए एफएसएल टीम को घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जमा करना अनिवार्य होगा। लिंग की परिभाषा में अब ट्रांस जेंडर भी शामिल होंगे, जो समानता को बढ़ावा देता है।

नवादा में ससुराल गए युवक की हो गई जमकर पिटाई, जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती

लोक तंत्र की आवाज़

सुनील कुमार

नवादा । नवादा में ससुराल गए युवक के साथ ससुराल वालों ने जमकर पिटाई कर दिया ,जिसके बाद जख्मी युवक इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया ,जहां युवक इलाजरत है .यह घटना जिले के रोह थाना क्षेत्र के रूपौ गांव की बतायी गयी है ,जहां ससुराल में ही एक युवक की जमकर पिटाई की गई है. मारपीट में जख्मी युवक क़ो जख्मी हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जख्मी युवक की पहचान मंजौर गांव के निवासी नरेश चौधरी का पुत्र राजेश चौधरी के रूप में किया गया है। जख्मी के भाई पंकज कुमार ने आरोप लगाया है कि ससुराल में दहेज को लेकर काफी विवाद हो रहा है और इसी विवाद को खत्म करने के लिए हमलोगों ने आपसी सुलह करने पर विचार किया . मेरे भाई ने जब ससुराल गया था और दहेज का सारा सामान लौटा रहा था, इसी दौरान सास, ससुर व ससुराल के अन्य परिवार के द्वारा मेरे भाई के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है. घटना के बाद जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। जख्मी का भाई पंकज कुमार ने कहा कि मेरे भाई की पत्नी भी कहा कि हम वहां नहीं रहना चाहते हैं , छोटी-छोटी बात को लेकर विवाद खड़ा ना हो इसीलिए दहेज का सारा सामान को पहुंचा दीजिए. मेरे भाई जब सारा सामान पहुँचाने गए तो पहले विवाद खड़ा किया और फिर मारपीट की गई है। इस मामले पर मारपीट की कोई आवेदन फिलहाल स्थानीय पुलिस को अभी नहीं दी गई है।

नवादा में नाबालिग़ लड़की क़ो शादी की झांसा देकर बिहार पुलिस के जवान ने किया यौन शोषण, आरोपी पुलिस गिरफ्तार

लोक तंत्र की आवाज़

सुनील कुमार

नवादा । नवादा में एक सिपाही ने नाबालिग़ लड़की क़ो शादी की झांसा देकर यौन शोषण किया ,जिसके बाद नवादा महिला थाना की पुलिस ने यौन शोषण के मामले में एक सिपाही को गिरफ्तार किया है. बताया जा रहा है कि सिपाही द्वारा एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर काफी दिनों से यौन शोषण कर रहा था।

पीड़िता ने जब सिपाही पर शादी करने की दबाव बनाया , तो सिपाही शादी करने से इनकार कर गया. परेशान पीड़िता अपने परिजन के साथ महिला थाना को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है. महिला थाना में मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर लिया है. फिलहाल पुलिस गिरफ्तार सिपाही को जेल भेजने की कार्रवाई में जुट गई है।

देश में लागू नए कानून के तहत हो सकता है कार्रवाई : देश में आज सोमवार से भारतीय न्याय संहिता लागू हो गया है, जिसमें एक नया चैप्टर जोड़ा गया है. जिसे नाम दिया गया है -क्राइम अगेंस्ट वूमेन एंड चाइल्ड। इस चैप्टर में यौन अपराधों की चर्चा है, साथ ही इस संहिता में 18 साल से कम उम्र की महिलाओं के साथ अगर बलात्कार होता है, तो उसकी सजा में बदलाव का प्रावधान किया गया है। गौरतलब है कि नाबालिग महिला से सामूहिक बलात्कार से संबंधित प्रावधान को इस संहिता में पॉक्सो एक्ट के अनुरूप बनाया जाएगा. साथ ही इस संहिता में यह प्रावधान भी है कि अगर 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों के साथ बलात्कार होता है तो दोषी को आजीवन कारावास या मृत्युदंड दिया जाए. संहिता में यह प्रावधान भी किया गया है कि बलात्कार पीड़ितों की जांच करने वाले चिकित्सकों को सात दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट जांच अधिकारी को सौंपनी होगी. अगर सिपाही पर नए कानून के अनुसार कार्रवाई की जाती है , तो उसे काफी समय तक जेल में बिताना पड़ सकता है।

महिला सुरक्षाकर्मी के आकस्मिक मौत पर अनुमंडलीय अस्पताल में शोक सभा का आयोजन, दी श्रद्धांजलि

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। मुख्यालय क्षेत्र के अनुमंडलीय अस्पताल में सोमवार को प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार की अध्यक्षता में अस्पताल में कार्यरत महिला सुरक्षाकर्मी प्रतिमा कुमारी के आकस्मिक मृत्यु पर शोक सभा का आयोजन किया गया।इस दौरान डॉ. पारितोष कुमार, डॉ. मुकेश कुमार, परिवार कल्याण परामर्शदाता राकेश कुमार सिंह, फार्मासिस्ट अशोक कुमार एवं लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार भी मौजूद रहे।प्रभारी डीएस डॉ. दिलीप कुमार ने बताया कि दिवंगत प्रतिमा कुमारी का सिरदला की रहने वाली थीं।वे मार्च 2019 से अस्पताल में आउटसोर्सिंग के तहत महिला सुरक्षाकर्मी के पद पर तैनात थी एवं अस्पताल आनेवाली महिलाओं की बहुत मदद भी किया करती थी। उन्होंने कहा कि वे गुरुवार तक अस्पताल में ड्यूटी की। उन्हें पत्थरी की शिकायत थी,जिसको लेकर वे गया और पटना जाकर अपना इलाज करवा रही थी। बीते शनिवार को प्रतिमा कुमारी की तबियत अचानक ज्यादा बिगड़ गई और परिजनों के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल में ही भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. अनुज कुमार ने रिपोर्ट आदि देखकर दोनों किडनी के ठीक ढंग से काम नहीं करने की बात सामने आई एवं प्रतिमा कुमारी के बेहतर इलाज के लिए पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। प्रभारी डीएस ने कहा कि दिवंगत महिला सुरक्षाकर्मी प्रतिमा कुमारी का अंतिम संस्कार रविवार को सिरदला में उनके परिजनों के बीच सम्पन्न हुआ,जिसमें अस्पताल कर्मी भी मौजूद रहे।वहीं सोमवार को अस्पताल परिसर में स्वास्थ्यकर्मियों ने महिला सुरक्षाकर्मी के आकस्मिक मौत पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस शोक सभा में स्वास्थ्यकर्मियों ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित कि। इस मौके पर जीएनएम अर्चना कुमारी, नविता कुमारी, अनिल पासवान, अमिता कुमारी, नीतू कुमारी, रूनी कुमारी, सभी ममता, एएनएम स्कूल की छात्राएं, सुरक्षाकर्मी एवं एम्बुलेंस स्टाफ मौजूद थे।

नवादा के माहुरी वैश्य सेवा सदन में माँ मथुरासिनी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित

लोक तंत्र की आवाज़

नवादा । माहुरी वैश्य सेवा सदन लाईन पार मिर्जापुर, नवादा में माँ मथुरासिनी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित किया गया। जिसमें जुनियर ग्रूप एवं सिनियर ग्रूप के टॉप -5 प्रतिभागियों को माहुरी वैश्य मंडल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सेठ , संरक्षक संजय कुमार ₹मुन्ना₹ , कोषाध्यक्ष पंकज कु० अठघरा द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर मिडिया प्रभारी हेमन्त कुमार तरवे, कार्यालय प्रभारी अशोक कु० पिन्टु, जय प्रकाश मुन्ना जी, प्रवीण कु० अठघरा, बाल गोपाल, पुनित, रंजीत कुमार एवं माहुरी वैश्य नवयुवक समिति के अध्यक्ष राजू वरविगहिया, सचिव कुन्दन कुमार कंधवे ,सोनल कुमार ,छोटू, पावना, उदिता वैश्यकियार, विवेक, अंकित, राहुल, पवन सेठ, रोहित, साहिल, रिषभ एवं माहुरी वैश्य महिला समिति की अध्यक्षा सोनी भदानी , सचिव खुशबू भदानी ,रजनी वैश्यकियार, मनीषा भदानी , भारती भदानी, रचना , प्रियांजली भदानी ने मेडल पहनाकर एवं पुरस्कार देकर साथ ही साथ सर्टिफिकेट देकर बच्चे एवं अभिभावकों से खचाखच भरी सदन में तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चे एवं अभिभावकों में हर्षोल्लास का माहौल देखा गया। शानदार परफॉर्मेंस के लिए सभी बच्चे- बच्ची को तहेदिल से बधाई दी। साथ हीं कहा बुनियाद एवं पैटर्न आगे चलकर आईआईटी ,नीट ,यूपीएससी , सीए और दूसरे प्रतियोगिता में लाखो-लाख की प्रारंभिक परीक्षा में सफल होने का मार्ग प्रशस्त करेगा। प्रारंभिक परीक्षा में सफल होने के बाद ही आप मेंस की परीक्षा में उतीर्ण कर सकते हैं।

नवादा : नवादा में एक साथ गायब हुए महादलित परिवार के 05 बच्चे, सूचना मिलने पर पुलिस की उड़ी होश

लोक तंत्र की आवाज़

सुनील कुमार

नवादा । बिहार के नवादा में अचानक एक साथ महादलित परिवार के पांच बच्चों की लापता होने का मामला सामने आया है. सबके परिजन थाने पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी कि हमारे बच्चे गायब हो गए हैं. रविवार (30 जून) को एक साथ पांच बच्चों के गायब होने का मामला जैसे ही थाने पहुंचा, तो पुलिस की नींद उड़ गई. सभी बच्चे नवादा जिले के धमौल थाना क्षेत्र के एक ही गांव से गायब हुए हैं. सबके परिजनों ने इसकी लिखित सूचना स्थानीय थाने की पुलिस को दी है।

बच्चों के गायब होने से परिवार के लोगों की बढ़ी चिंता : बताया जा रहा है कि पूरा मामला बीते रविवार (30 जून) का है. दोपहर करीब तीन बजे के आसपास धमौल थाना क्षेत्र के तुर्कवन गांव से ये सभी बच्चे गायब हुए हैं. पांचों बच्चों के अचानक गायब होने से परिवार के लोगों में चिंता बढ़ गई है. कोई अप्रिय घटना ना हो जाए इसको लेकर परिजनों की बेचैनी बढ़ गई है।

गायब होने वालों में ये बच्चे हैं शामिल : इस मामले में बच्चों के पिता अशोक पासवान, हीरा पासवान, शंकर पासवान, उमेश पासवान, रंजीत पासवान ने प्राथमिकी दर्ज कराई है. गायब होने वालों में पहला बच्चा तनीश कुमार उम्र करीब 13 वर्ष, दूसरा पंकज कुमार उम्र करीब 14 वर्ष, तीसरा कुंदन कुमार उम्र करीब 12 वर्ष, चौथा छोटू कुमार उर्फ रणधीर कुमार उम्र करीब 14 वर्ष और पांचवां रिशु कुमार उम्र करीब 14 वर्ष है।

पुलिस ने लोगों से एक्स पर मांगी बच्चों की जानकारी : दरअसल ये सभी बच्चे घर से बिना बताए कहीं चले गए हैं. इस मामले में नवादा पुलिस के एक्स हैंडल से एक पोस्ट जारी कर बच्चों की जानकारी मांगी गई है. कहा गया है कि इनके बारे में किसी को पता है, तो धमौल थाने की पुलिस को मोबाइल नंबर 7250387533 पर सूचित करें. उधर अचानक पांच बच्चों के लापता होने के बाद इलाका में सनसनी फैल गई है, वहीं पुलिस की भी होश उड़ गए हैं ।

पति-पत्नी पर जानलेवा हमला में मामले में महिला समेत चार लोग गिरफ्तार, भेजे गए जेल

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। थाना क्षेत्र के मुरहेना गांव निवासी अरविंद चौधरी एवं उनकी पत्नी जुली कुमारी पर गोतिया के लोगों ने बीते रविवार को जानलेवा हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था।पीड़ित अरविंद चौधरी द्वारा दिये आवेदन के आलोक में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए। चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बीते रविवार को मुरहेना गांव के एक पति-पत्नी के साथ उसके गोतिया ने मामूली विवाद को लेकर जमकर मारपीट कर घायल कर दिया था।पीड़ित द्वारा मुरहेना गांव निवासी रिसाल चौधरी के बेटे नंदू चौधरी, नंदू चौधरी की पत्नी साबो देवी एवं नंदू चौधरी के बेटे चन्दन चौधरी व राकेश चौधरी को नामजद अभियुक्त बनाया था, जिसे पुलिस बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। वहीं प्राथमिकी में दर्ज सभी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के बाद सोमवार को अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य जांचोपरांत सभी गिरफ्तार लोगों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

संक्षिप्त खबरें ।

बिजनौर फोरलेन के डिवाइडर पर कार चढने से परिवार के छह लोग घायल

रिपोर्ट वकार अहमद

नगीना। परिवार के साथ कोटद्वार के सिद्धबली धाम दर्शन करने जा रहे लोगों की कार रविवार की सुबह काशीपुर हरिद्वार फोरलेन एक्सप्रेस वे पर ग्राम कालाखेड़ी के सामने डिवाइडर पर चढ़ जाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कार में सवार सभी छह लोग घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद घायलों को बिजनौर रैफर कर दिया गया। नूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम झीरन निवासी अंकित शर्मा पुत्र सीताराम, उनकी पांच वर्षीय पुत्री अंबिका शर्मा, 12 वर्षीय अन्नया पुत्री सुदेश शर्मा व ना रूबी शर्मा (32 वर्ष) पत्नी अंकुर । शर्मा तथा ग्राम भिकनपुर निवासी अंशु शर्मा (32 वर्ष) पत्नी सुदेश शर्मा व सुदेश शर्मा का आठ वर्षीय पुत्र यश शर्मा कार में सवार होकर नूरपुर से कोटद्वार के लिए चले थे। पूरा परिवार सिद्धबली मंदिर में दर्शन करने के लिए चला था। रविवार की सुबह नौ बजे जब उनकी कार काशीपुर हरिद्वार फोरलेन एक्सप्रेस वे पर ग्राम कालाखेड़ी के सामने पहुंची तो चालक को नींद की झपकी आ जाने के कारण डिवाइडर पर चढ़ गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें कार में सवार सभी छह लोग घायल हो गए। सरकारी एंबुलेंस से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना लाया गया। डॉक्टरों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल बिजनौर रेफर कर दिया गया।

राहुल गांधी के बयान पर उट योगी का पलटवार, कहाः खुद को 'एक्सीडेंटल हिंदू' कहने वाली जमात के शहजादे

रत्ना

लखनऊ। राहुल गांधी के संसद में दिए गए बयान पर भाजपा पूरी तरह से हमलावर हो गई है। राहुल गांधी ने संसद में कहा कि असली हिंदू और हिंसक हिंदू में फर्क है। राहुल ने अपने बयान में आगे कहा कि भाजपा देश में डर का माहौल पैदा कर रही है तथा हिंदुओं को हिंसक बना रही है। सीएम योगी ने आगे लिखा कि मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में डूबी हुई, स्वयं को 'एक्सीडेंटल हिंदू' कहने वाली जमात के 'शहजादे' को यह बात भला कैसे समझ आएगी? सीएम योगी ने यह भी लिखा है कि आपको विश्व के करोड़ों हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए राहुल जी! आपने आज एक समुदाय को नहीं, भारत माता की आत्मा को लहूलुहान किया है।

देशवासियों पर शिकंजा कसने की है तैयारी', नए आपराधिक कानूनों पर बोलीं सपा सांसद डपिंल यादव

विनय

लखनऊः तीन नए आपराधिक कानूनों पर समाजवादी पार्टी सांसद डिंपल यादव का बयान सामने आया है। डपिंल ने आरोप लगाया कि यह कानून बहुत गलत तरीके से संसद में पास किए गए हैं। इन कानूनों पर कोई चर्चा नहीं है। सपा सांसद ने कहा कि अगर कोई विदेशों में भी अपने अधिकारों को लेकर विरोध करता है तो उन पर भी ये कानून लागू होंगे। राजनीतिक दबाव के चलते अब तक कई संगीन मुकदमे भी कोर्ट से वापस हो जाते थे, लेकिन एक जुलाई 2024 से तीन नए कानून (भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023) लागू होने के बाद यह संभव नहीं होगा।

नगीना : अवैध कम्पनी के नाम पर छोटी बनी के सत्यपाल सिंह होमगार्ड ने ग्रामीणों के करोड़ों रुपये की ठगी

लोकतंत्र की आवाज

छोटी बनी के ग्रामीणों ने सरकार से पैसा दिलवाने की लगाई गुहार

रिपोर्ट मुकेश सिंह

नगीना। उत्तर प्रदेश पुलिस में होमगार्ड के पद पर तैनात गाव के ही एक युवक ने धोखाधड़ी कर लोकहित निधि लि. के नाम पर गांव के ही सैकडो लोगों व आस पास के दर्जनों गांव क्षेत्र की मासूम व गरीब जनता का डबल पैसा तथा तरह तरह के लालच देकर पैसे से पैसा कमाने के नाम पर लगभग 2 करोड़ 50 लाख रुपए होमगार्ड द्वारा ठगने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणो ने क्षेत्र की पुलिस पर आरोप लगाते हुए बताया कि होमगार्ड के पद पर तैनात इस ठग पर बार बार शिकायत करने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। सीओ सर्किल क्षेत्र के गांव अबुल फजलपुर बनी उर्फ छोटी बनी में उत्तर प्रदेश पुलिस के पद पर तैनात होमगार्ड सत्यपाल सिंह पुत्र भगीरथ सिंह द्वारा लोकहित निधि लिमिटेड के नाम से बस स्टैंड के निकट होमगार्ड होने के बाबजूद अपने ही नाम से लोकहित निधि नाम से एक शाखा चलाता आ रहा है जिसमें क्षेत्र के लोगों को घर घर जाकर बताता था कि मैंने एक कम्पनी शुरू की है उसमे पैसा जमा करने पर आपको बढ़कर पैसा मिलेगा और आप अपने उसी पैसे से अपने सपने और जरूरतें पूरी कर सकेंगे होमगार्ड की यह बात सुनकर ग्रामीण लालच में आकर उसको अपना पास का सभी जमा पैसा होमगार्ड सत्यपाल सिंह को अपना करीब व गांव का समझते हुए उस पर भरोसा कर अपनी मेहनत की सभी जमा पूंजी उस पर जमा कर दिया करते थे और वह एफडी कराने के नाम पर उनसे पैसा लेकर निकल जाता था ओर ऐसे करते करते उसे पूरे 6 वर्ष हो चुके थे उधर कुछ ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि उसने अपने गांव सहित सभी आस पास के गांव हरगनपुर निवासी अमित कुमार पुत्र महेंद्र सिंह चौहान से लगभग 8 लाख 50 हजार रुपए ठगे और मदन पाल उर्फ मिस्टर सिंह निवासी छोटी बनी से करीब 8 लाख रुपए ठगे, वहीं गाय के ही नवीन कुमार से 6 लाख 50 हजार रुपए ठगे अमित कुमार पुत्र ओमप्रकाश से 10 लाख रुपए, अजय भाखाज पुत्र कीर्ति भारद्वाज से 10 लाख 50 हजार रुपए गौरव कुमार पुत्र नरेश कुमार से 1 लाख 25 हजार रुपए, साथ ही गांव की एक विधवा महिला बबली पत्नी स्वधर्मेंद्र सिंह जिसके पति के मरने पर मुआवजा मिला था उसके 14 लाख 16 हजार रुपए आदि हजारो लोगों के करोड़ो रुपए ठगे है तथा क्षेत्र जानकारी देते हुए बताया कि गाव की महिलाओं कर 50 हजार रुपये लाख रुपए तक की एफडी करने के नाम पर गांव के रुपये दिए जब होमगार्ड को होमगार्ड के पास गाय क्षेत्र से 2 करोड़ 50 लाख रुपये जमा हो गए उस पर गांव वालों को 2 माह पूर्व उनके बीच में आकर बोलता है इस नाम की कपनी गई है जैसे ओर कंपनियां पैसे लेकर भागती है वैसे ही यह कंपनी भी हम सभी का पैसा लेकर भाग गई है जैसे ही सत्यपाल सिंह होमगार्ड ने शाखा भाग सूचना क्षेत्र में फैलाई तो जानकारी मिलते ही होमगार्ड सत्यपाल सिंह के लोकहित शाखा पर अपना पैसा वापस उपभोक्ताओं को वदी का मांगने लगे हुए धमकी दी गई कि आपका पैसा नहीं मिलेगा आपने जहाँ जाना है चले जाओ मेरे पास आपका कोई पैसा नहीं है उधर लोकहित निधि लिमिटेड के लोगों ने ने मजदूरी से लेकर । ग्रामीणों व क्षेत्र के लोगों का कहना है कि होमगार्ड सत्यपाल सिंह ने गरीब जनता के पैसों से नगीना शहर में कई प्लांट और क्षेत्र में दर्जनो यीघा जमीन हाल फिलहाल में ही अपने व अपनी बहनों के नाम पर खरीदी है गरीब जनता ने प्रशासन से गुहार लगाइ है कि हमारा पैसा हमें दिलाया जाए। इस प्रकरण में जब पुलिस से शिकायत की गई तो नगीना देहात पुलिस ने इधर उधर की बात कर समी गांव वालो को हड़काकर थाने से भगा दिया गया ओर कहीं कि तुम लोगों की यहीं कोई सुनवाई नहीं होगी क्योंकि सत्यपाल सिंह होमगार्ड हमारे थाने में तैनात है इस पर गांव के लोगो ने जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी ग्रामीण पुलिस अधीक्षक से मिलने बिजनौर पहुंचे तो उन्होंने सभी गांव वालो बड़े उद्योगपति का कि आपका लेकर भाग जाने की पहुंचे और रोप दिखाते उदाहरण देकर मामले को टलका दिया।

लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता बने मध्य कमान के सेनाध्यक्ष, संभाला पदभार

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना

लखनऊ। कमान संभालने पर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने लखनऊ छावनी स्थित मध्य कमान युद्ध स्मारक स्मृतिका पर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की । उन्होंने गार्ड ऑफ ऑनर की भी समीक्षा की। उन्होंने मध्य कमान के सभी रैंकों परिवारों और नागरिक कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं और अपने पूर्ववर्तियों के उत्कृष्ट कार्यों को आगे बढ़ाने और हर समय मध्य कमान की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।कमान संभालने पर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने लखनऊ छावनी स्थित मध्य कमान युद्ध स्मारक 'स्मृतिका' पर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने गार्ड ऑफ ऑनर की भी समीक्षा की। उन्होंने मध्य कमान के सभी रैंकों, परिवारों और नागरिक कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं और अपने पूर्ववर्तियों के उत्कृष्ट कार्यों को आगे बढ़ाने और हर समय मध्य कमान की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करने अपने 36 वर्षों से अधिक के सैन्य करियर में, उन्हें पीस और फील्ड दोनों में प्रमुख कमान और स्टाफ नियुक्तियों का गौरव प्राप्त है। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रशिक्षक, डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन में डायरेक्टिंग स्टाफ, कांगो में सैन्य पर्यवेक्षक, एक इन्फैंट्री ब्रिगेड के ब्रिगेड मेजर, रणनीतिक योजना निदेशालय में बल संरचना निदेशक, स्टाफ ड्यूटी निदेशालय में ब्रिगेडियर स्टाफ ड्यूटी, सेनाध्यक्ष सचिवालय और महानिदेशक रणनीतिक योजना में सामान्य शिकायत सलाहकार बोर्ड के अपर महानिदेशक रहे हैं।

बिजनौर एक सांसद के द्वारा कावड़ यात्रा पर की गई टिप्पणी के पलटवार में नहटौर विधायक ने कहा जिन्हें हमदर्दी है वह अपने घर पर पढ़वाए नवाज

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

नहटौर एक वायरल वीडियो में एक सांसद द्वारा कावड़ यात्रा को लेकर की गई टिप्पणी पर ओमकुमार विधायक ने पलटवार करते हुए कहा कि यदि इतना ही शौक है तो अपने घर पर सांसद नमाज । पढ़वाये। प्रदेश में गुंडागर्दी नहीं कानून का राज चलेगा। सबका साथ सबका विकास होगा। रविवार को अपने कैंप कार्यालय पर आयोजित जनसुनवाई के दौरान विधायक ओम कुमार ने आमजन की समस्याओं को सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्या के समाधान के लिए आवश्यक दिखाई दे दिए। उन्होंने कहा की समस्या का समाधान पूरी तरह पारदर्शिता से होना चाहिए। उन्होंने एक सांसद की वायरल वीडियो द्वारा कावड़ यात्रा को लेकर एक सांसद द्वारा कावड़ यात्रा पर की गई टिप्पणी की वीडियो वायरल पर ओम कुमार ने दिया बयान सवाल उठाने पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश में गुंडागर्दी नहीं होती है योगीराज में कानून का राज है। सड़क नमाज पढ़ने के लिए नहीं है चलने के लिए है। एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने का माध्यम भी है। कावड़ यात्रा को लेकर उठाए गए सवाल पर उन्होंने इशारों में कहा कि यदि इतनी ही हमदर्दी है तो वह अपने घरों पर ही नमाज अदा कराये। उन्होंने नाम लिया बगैर कहा कि आम जनता को भ्रमित करने वाला व्यक्ति कभी क्षेत्र का विकास नहीं कर सकता है। आज मोदी व योगी सरकार में चारों ओर विकास की लहर दौड़ रही है और इसी कारण तीसरी बार केंद्र में लगातार भाजपा की सरकार बनी है।

बिजनौर डा. एचएस चौहान बेच रहे एक्सपायर दवाइयां! रातोंरात दवा गायब करने का आरोप

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह

बिजनौर। मंडावर मार्ग के मोहल्ला महादेव एक फ्लैट पर छापेमारी प्रकरण में अब दूसरे पक्ष ने डा. एचएस चौहान पर नकली व एक्सपायर दवाई बेचने का आरोप लगाते हुए रातोरात दवाई गायब करने का आरोप भी लगाया। इस दौरान एक्सपायर दवाई के रेपर बदलने के वीडियो भी जारी किया। इन वीडियो में डाक्टर के क्लीनिक का भी वीडियो जारी किया। गत शुक्रवार को जनपद में डीआई उमेश भारती सहित तीन सदस्यों की टीम ने मंडावर रोड के महादेवपुरम में छापेमारी की थी। शिकायत में बताया गया था कि एक्सपायर दवाई के रेपर बदले जाते है। साथ ही नकली दवाई बेचने का भी आरोप लगाया गया था। छापेमारी एक फ्लैट को सील किया गया था। इस दौरान छापा मारने के लिए नामित किए गए मजिस्ट्रेट रास्ते से गायब हो गए थे। इसके बाद दूसरे दिन रात के समय फिर से टीम महादेवपुरम में पहुंची जहां पर सील खोलकर जांच की गई। डीआई उमेश भारती के अनुसार फ्लैट से करीब छह लाख रुपये के कासमेटिक सामान पाए गए। इसके बाद 14 नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए। दूसरे दिन दूसरे पक्ष के अनुज सहित अन्य ने भी एक प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि मिलीभगत करके दवाईयों का जखीरा गायब कर दिया गया। फ्लैट डाक्टर के रिश्तेदार का है। उन्होंने इस दौरान एक्सपायर दवाईयों का वीडियो भी जारी किया। इस दौरान बताया कि कैसे एक्सपायर दवाई बदली जाती थी। साथ ही डा. एचएस चौहान पर नकली दवाई भी बेचने का आरोप लगाया।

अमेरिका के एक फ्राड डाक्टर को शरण देने का आरोपः शिकायत कर्ता अनुज सहित अन्य ने डा. एचएस चौहान पर आरोप लगाया कि एक डाक्टर ने अमेरिका में करोड़ों रुपये का फ्राड किया था। इसके बाद डाक्टर इंडिया आ गया। आरोप लगाया कि ये डाक्टर एचएस चौहान के घर पर रहा। इस डाक्टर की वीडियो भी जारी की। साथ ही क्लीनिक पर बैठे डाक्टर का वीडियो भी जारी किया। उधर ये भी आरोप लगाया कि डाक्टर को एक सफेद पोश नेता का संरक्षण प्राप्त है। छापेमारी के दौरान भी ये नेता पहुंचा था।

स्कूल खुले तो विद्यार्थियों का जोरदार स्वागत, पीलीभीत डीएम ने पहनाई माला; आगरा में तिलक लगाया

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना

लखनऊ। गर्मी की छुट्टी के बाद एक जुलाई से यूपी के परिषदीय विद्यालय विद्यार्थियों से गुलजार हुए। पहले दिन बच्चों का स्वागत करने में शिक्षक और शिक्षिकाओं ने कोई कसर नहीं छोड़ी तो पीलीभीत डीएम भी बच्चों के स्वागत में आतुर दिखे। उन्होंने फूल माला पहनाकर बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। आगरा में बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। पीलीभीत के परिषदीय स्कूलों में प्रवेश उत्सव शुरू हो गया है। प्रवेश उत्सव के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बच्चों को तिलक लगाया और फिर माला पहनाकर स्कूल में प्रवेश कराया। पीलीभीत के परिषदीय स्कूलों में प्रवेश उत्सव शुरू हो गया है। प्रवेश उत्सव के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने बच्चों को तिलक लगाया और फिर माला पहनाकर स्कूल में प्रवेश कराया। पीलीभीत के परिषदीय स्कूलों में प्रवेश उत्सव शुरू हो गया है। धनराशि का सदुपयोग करते हुए जूता, मोजा, यूनिफार्म की खरीद करें। प्रवेश उत्सव के पहले दिन शिक्षकों ने स्कूल परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, जिला समन्वयक राकेश पटेल, खंड शिक्षा अधिकारी शिवशंकर मौर्य, ग्राम प्रधान सहित आदि थे।

'जन-धन की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता, अलर्ट मोड में रहें सभी जिले'

लोक तंत्र की आवाज

विनय

लखनऊःसीएम योगी ने की बाढ़ प्रबंधन तैयारियों की समीक्षा; दिए निर्देश उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों को लेकर एक विशेष बैठक की। यूपी सीएम ने बैठक में जन-जीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बाढ़ के समय राहत और बचाव के लिए बेहतर कोऑर्डिनेशन और क्विक एक्शन लेने को कहा है। बता दें कि यूपी में बाढ़ के मद्देनजर 24 जिले अतिसंवेदनशील बाढ़ की दृष्टि से अति संवेदनशील जिलों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आई है। विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार हमने आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग कर बाढ़ से खतरे को न्यूनतम करने में सफलता पाई है। बाढ़ से जन-जीवन की सुरक्षा के लिए अंतरविभागीय समन्वय से अच्छा कार्य हुआ है। इस वर्ष भी बेहतर कोऑर्डिनेशन, क्विक एक्शन और बेहतर प्रबंधन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए।

बिजनौर समीपुर सीएचसी पर रिश्वत देकर बनते हैं फर्जी मेडिकल प्रमाण पत्र!

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

नजीबाबाद की सीएचसी पर तैनात विभागीय कर्मचारी की एक ऑडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है, जिसमें एक पीड़ित युवक से फर्जी मेडिकल बनवाने के नाम पर दो हजार लेने की बात की जा रही है। इतना ही नही पैसों की बात आने पर कर्मचारी पत्रकारों और नेताओ को गाली और अपशब्द कहते हुए खुद को भी भाजपा नेता बताकर धमका रहा है। नजीबाबाद के गांव समीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सरकारी क्लीनर के पद पर तैनात अजय कुमार अक्सर चचाओं में रहता है, वह शराब पीकर मरीजों के साथ अभद्रता करता है जो उसकी आदत में शुमार है, क्लीनर अजय कुमार का एक ताजा मामला हाल ही में सामने आया है, जहां अजय कुमार एक पीड़ित युवक से असली चोट की जगह फर्जी और धारदार हथियार से चोट दिखाकर मेडिकल बनवाने के नाम पर हजारों रूपयो मांगने और बाद में मात्र दो हजार में ही मेडिकल स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की ऑडियो वायरल होने से मचा हड़कंप प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने सीएमओ को भेजी कर्मचारी की रिपोर्ट बनवाने की बात स्वीकार कर रहा है। जिसकी ऑडियो इस समय सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। ऑडियो कब की है और किससे बात कर रहा है और किसकी शह पर इतनी दमदारी और ठोक बजाकर मेडिकल बनवाने का दमभर रहा है और पहले 15 और 10 हजार फिर दो हजार किसके इशारे और किसके लिए मांग रहा था, सवाल यह है कि क्या वह अपने लिए पैसे मांग रहा था या इसमें सीएचसी पर तैनात अन्य अधिकारियों का भी हिस्सा था, ये तो खैर विभागीय जांच का विषय है। सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो में सीएचसी समीपुर पर तैनात क्लीनर अजय कुमार अपशब्दों का प्रयोग करते हुए कह रहा है कि मेरे दरबार में ना नेता आ सके ना पत्रकार आ सके ये सरकार बीजेपी की चल रही है और मैं बीजेपी का नेता, समझ में आ गई बड़े बड़े तुर्रम खां नाम से डरते है और मुझसे मिलने के लिए लोग तरसते है, ये बात प्रधान जी भी अच्छी तरह जानते है मेरे बारे में। वायरल ऑडियो में पीड़ित युवक बोलता है कि सुबह आप मेरे से पंद्रह हजार ले रहे थे मेडिकल में कहा लगते है पैसे, मैं तो नॉर्मल और सिम्पल जो असली चोट है वही मेडिकल रिपोर्ट में चाहता हूं, उसके बाद आप बोल रहे थे कि चलो दस हजार दे देना और अपनी पत्नी का भी मेडिकल करा लेना, उसके बाद क्लीनर अजय बोलता है कि दोनो का हो जाता मेडिकल सामने वाले को उलझा देते, पीड़ित युवक ने कहा कि हमे नही उलझाना किसी को जो हमारे साथ मारपीट हुई वो दिखानी थी। अब आप मेरे साथ मारपीट के भी दो हजार ले रहे हो वो भी एक मेडिकल बनवाने के। ऑडियो वायरल होने में बाद सीएचसी में हड़कंप मच गया, एक क्लीनर की ऐसी और ओछी हरकत से पूरे विभाग की बदनामी हो रही है। पत्रकारों ने भी सीएचसी पर तैनात क्लीनर अजय कुमार के खिलाफ सीएमओ से कार्रवाई ही करने के साथ रिपोर्ट दर्ज कराकर कानूनी कार्यवाही की भी मांग की। नजीबाबाद के समीपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर उस्मान का कहना है कि मामला उच्च अधिकारीयों के संज्ञान में है, क्लीनर के खिलाफ रिपोर्ट बनाकर सीएमओ बिजनौर को भेजी गई है।

बिजनौर के जिला बिजनौर में कई विभागों में जमकर हो रहा भ्रष्टाचारः नजीबाबाद में तहसील हों या स्वास्थ्य विभाग सब जगह भ्रष्टाचार फैला हुआ है इस बात का अंदाजा इन दिनों सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तमाम ऑडियों और वीडियो से ही लगा सकते है। तमाम विभागो से अधिकारियों और कर्मचारियों की वायरल ऑडियो और वीडियो सुनने के बाद तो ऐसा लगता है कि नजीबाबाद के कई विभाग भ्रष्टाचार की भेंट चढ़े हुए है। विगत माह पूर्व किसानों ने भी कई बार तहसीलदार और तहसील में भ्रष्टाचार फैलने और बिना पैसों के कोई भी काम न करने का आरोप लगाकर हंगामा काटा था। उसके बाद नजीबाबाद के एसडीएम की गाड़ी पर तैनात एक ड्राइवर की ऑडियो वायरल हुई और उसके बाद नजीबाबाद शिक्षा विभाग में तैनात कर्मचारी इमरान के द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के बाद उसे निलंबित और बीईओ प्रीती पाल का गैर जनपद तबादला किया गया।

बिजनौर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के बहाने हजारों की ठगी

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

प्रधानमंत्री योजना के नाम पर ढाई लाख रुपये दिलाने के बहाने एक ठग दिन दहाडे महिला से मारपीट कर उससे पांच हजार की नकदी सहित कानों के सोने के कुंडल व सोने, चांदी के आभूषण छीनकर कर फरार हो गया। पीडित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई किये जाने की मांग की है। एक ठग बाईक से 28 जून शुक्रवार की दोपहर को मौहल्ला बिश्नोई सराय रेती निवासी इंदर सिंह के घर पहुंचा और उसकी पत्नी बाला देवी से बोला कि प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत वह उन्हे ढाई लाख रुपये दिला देगा। उन्हें फार्म भरने के लिए उसके साथ चलना होगा। दोनों पति पत्नी उसके झांसे में आ गये। ठग पति पत्नी को अपनी बाईक पर बिठाकर ले गया। ठग ने बहाना बनाकर महिला के पति इंदर सिंह को मौहल्ला कस्बे में उतार दिया तथा धामपुर मार्ग पर श्री रामलीला ग्राउंड से आगे टाटा मोटर्स के सामने बाईक रोककर महिला बाला देवी से मारपीट कर आतंकित करते हुये उससे पांच हजार की नकदी सहित कानों के कुंडल, मंगल सूत्र व पायल तथा बिछुए छीनकर फरार हो गया। महिला के अनुसार ठग जाते जाते धमकी दे गया कि किसी को बताया तो जान से मार दूंगा। महिला ने मामले की जानकारी परिवार व मौहल्ले के लोगों को दी, पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात ठग का पता लगाकर मामले में कार्रवाई की जाने की मांग की है।

संक्षिप्त खबरें ।

राहुल गांधी और कांग्रेस डिप्रेशन में हैं

केदार नाथ पाण्डेय

भागलपुर। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा सनातन हिंदू धर्मावलियों को अतिवादी कहे जाने का भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने घोर निंदा और घोर विरोध करते हैं।संसद में पूरे हिंदू समाज को हिंसक कह कर राहुल गांधी सिर्फ हिन्दू धर्म का अपमान ही नहीं,बल्कि अपने मानसिक दिवालियापन का भी परिचय दे रहे है।जाति और धर्म के आधार पर देश को,समाज को विखंडित करना कांग्रेस के डीएनए में है।उन्होंने अपने संसदीय विशेषाधिकार का दुरुपयोग किया है।हम राहुल गांधी के हिंदू विरोधी विचारधारा से परिचित है।वो सदन में एक संवैधानिक पद पर बैठे हैं और किसी भी धर्म को हिंसा के साथ जोड़ना ठीक नहीं है। एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को ऐसे बयान पर माफी मांगनी चाहिए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी ने कहा की हिंदू भारत की मूल आत्मा है.हिंदू सहिष्णुता, उदारता और कृतज्ञता का पर्याय है।यह केवल हिन्दू समाज का अपमान नहीं, तो समूचे भारत की संस्कृति का भी अपमान है. राहुल गांधी इन्होंने हिंदुओं और देश से तुरंत माफी मांगनी चाहिए और नए सिरे से भारत का गौरवशाली इतिहास सीखना चाहिए।

हजूर नगर से लापता युवक चेन्नई से मिला

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती पंचायत के हजूर नगर गांव में मिल्टन चौधरी के घर अपने चार मित्रों के साथ भोज खाने सनोखर का निवासी मगन मंडल का पुत्र को पुलिस ने चेन्नई में बरामद कर लिया है। मां कौशल्या देवी ने 26 जून को हजूर नगर के बिलटन चौधरी सहित अन्य पर अपने पुत्र को मारपीट कर गायब कर देने का मुकदमा दर्ज कराया था ।थाना अध्यक्ष ने ढूंढने का काफी प्रयास किया । अनुसंधान में पुलिस को पता चला कि मगन मंडल ट्रेन से चेन्नई जा रहा है। इस संबंध में पुलिस ने केंद्रीय रेलवे यात्री संघ का अध्यक्ष विष्णु खेतान से संपर्क कर, मगन मंडल को चेन्नई रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया। उसने पूछताछ में पुलिस को बताया कि चेन्नई कमाने के लिए अपने घर से बिना किसी को बताए चला गया था। किसी ने उसका अपहरण नहीं किया है। पुलिस ने कांड का अनुसंधान और सकुशल बरामदी के लिए केंद्रीय रेलवे यात्री संघ का अध्यक्ष विष्णु खेतान के योगदान के सराहना की। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक, थाना अध्यक्ष नीरज कुमार, भूपेंद्र कुमार यादव ,राहुल कुमार, इत्यादि शामिल थे।

नगर अध्यक्ष श्यामाल कुमार दास की प्रयास से शौचालय की समस्या को समाप्त किया

बारहड़वा। राजमहल रोड बरहरवा को एक समस्या जो शौचालय का था हमारे नगर अध्यक्ष ने उसे समाप्त किया उनसे एक और निवेदन है कि आए दिन नाला का पानी धर्मस्थल मस्जिद और दुकानों में वर्षा होने पर घुस जाती है इस समस्या का समाधान कर दीजिए और राजमहल रोड पर चापाकल पर पाइप लीक हो जाने के कारण नाला का पानी घुस जाता है जिसके करण अपनी गंध करता है जिसे लोग इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं और राहगीरों के लिए और भी बड़ी मुसीबत है गुमश्वरी गर्मी के कारण कुछ लोग तो मजबूरी पर पी लेते हैं जिस बीमारी होने की खतरा है कृपया करके इस पर ध्यान दिया जाए और इस समस्या का समाधान किया जाए ।

किसान को पीट कर किया जख्मी

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के ओलापुर गांव निवासी किसान किशोर झा ने खेत जाने के क्रम में विजय मंडल, उदय मंडल, रमचू मंडल के विरुद्ध मारपीट कर जख्मी कर देने का आरोप लगाया है ।आरोपियों ने जबरन खेत में जोत लिया है। एक खेत में धान का बीज लगाने जा रहे थे। पुलिस ने जख्मी को रेफरल अस्पताल पीरपैंती मे भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए भागलपुर रेफर कर दिया ।

नए कानून लागू होने पर थाना परिसर में हुई जागरूकता बैठक, दी कई जानकारी

लोक तंत्र की आवाज

थाना प्रभारी में बैठक कर लोगों को पढ़ाया तीन नए कानून का पाठ

सुपौल। आज से देश भर नया कानून लागू हो गया। नए कानून के लागू होने के बाद राज्य के सभी जिलों में पुलिस अधिकारी कानून को लेकर लोगों में जागरूकता फ़ैलाने में जुट गए हैं। इसी कड़ी में जिले के जदिया थानों में पुलिस ने आम लोगों के साथ बैठक कर उन्हें नए कानून की जानकारी दी। बैठक के दौरान जदिया थाना प्रभारी राजीव कुमारने आम लोगों के बीच नए कानून के बारे में विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में थाना क्षेत्र के सभी बुद्धिजीवी, व्यवसायी, जन प्रतिनिधि और आम लोग शामिल हुए। आयोजित कार्यक्रम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि आईपीसी अब भारतीय न्याय संहिता कहलाएगी। नया आपराधिक कानून सोमवार यानी आज से लागू किया जा रहा है। इसके तहत अधिकांश आपराधिक धाराएं बदल दी गई हैं। अब हत्या की धारा 302 की जगह अब 103 लेगेंगी,307 की जगह 109 लेगेंगी,376 की जगह 65 अ होगा। अब 3534 की बजाए 74 लगेंगी। नए आपराधिक कानून में आईपीसी और सीआरपीसी में बदलाव किया गया है। वही इस नए कानून के संबंध में डीएसपी बिपिन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जो नए कानून लागू किए गए है उन सभी के संबंध में क्षेत्र के गणमान्य लोगों को जागरूक करने लिए बैठके आयोजित की जा रही है,जो नए कानून लागू हुए है आज से उन सभी के बारे में बताया जा रहा है,उन्हें बताया गया है कि जो भी कानून है पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाने के लिए है,जो भी अब मुकदमे पंजिकर्त किए जाएंगे वह सब नई धारा के अंतर्गत किए जाएंगे। ने बताया कि इस कानून की मदद से कोई भी व्यक्ति किसी भी जगह पर एफआईआर दर्ज करवा सकता है। इसके साथ ही ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करा सकता है। शून्य प्राथमिकी (जीरो एफआईआर) को लेकर के यह बड़ी राहत और सुविधा प्रदान की गई है। इस नए कानून के तहत घटना क्षेत्र की पुलिस द्वारा पीड़ित को 90 दिनों के अंदर जांच की प्रगति रिपोर्ट देनी होगी। साथ ही सात दिनों के अंदर चिकित्सक भी इसकी मेडिकल रिपोर्ट भेजेंगे। इसके साथ-साथ ही महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराध से निबटने के लिए 37 धाराओं को शामिल किया गया है। 18 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों से सामूहिक दुष्कर्म मामले में दोषी को आजीवन कारावास और मृत्युदंड होगा। यही नहीं, झूठे वादे और नकली पहचान के आधार पर यौन शौषण करना आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आएगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ-साथ ही केस के आईओ को नई धाराओं को जोड़ने के लिए और काम करने के लिए सभी थानों में गार्ड कॉपी और अन्य गैजेट को उपलब्ध कराया गया है। ताकि कोई भी समस्या का समाधान करने में कठिनाई न हो। साथ ही घटना में आईओ के द्वारा घटनास्थल की वीडियोग्राफी, फोटो और अन्य साक्ष्य के रूप में कलेक्ट किया जाएगा। ताकि अपराधी को सजा दिलाने और मजबूत साक्ष्य के आधार पर न्याय दिलाने में कोर्ट को एक मजबूत आधार दिया जा सके। गौरतलब है कि नए आपराधिक कानून के तहत अब आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता में केस दर्ज किया जाएगा। इसको लेकर अधिकांश धाराएं बदली गई हैं। इसमें आपराध के प्रमुख बिंदु हत्या, लूट, बलात्कार, डकैती, चोरी, छेड़खानी और अपहरण आदि शामिल हैं। अनुसंधान की पद्धति में भी बदलाव किया गया है। नया आपराधिक कानून लागू करने से पूर्व जिले के सभी थानेदार और पुलिस पदाधिकारियों को ट्रेनिंग भी दी गई है। जानकारी के मुताबिक, आईपीसी की तीन धाराएं 442 गृह अतिचार, 445 गृहभेदन, 447 आपराधिक अतिचार के लिए दंड को भारतीय न्याय संहिता की एक ही धारा 330 बीएनएस में समाहित किया गया है। अब ऐसी होंगी धाराएं- आईपीसी बीएनएस हत्या 302 की जगह 103, हत्या का प्रयास 307 की जगह 109, मारपीट 323 की जगह 115, छेड़छाड़ 354 की जगह 74, नाबालिग का अपहरण 363 की जगह 139, दुष्कर्म करना 376 की जगह 64, लूटपाट 392 की जगह 309, धोखाधड़ी 420 की जगह 318, दहेज हत्या 304बी की जगह 80 और जान से मारने की धमकी देना 506 की जगह 351 होगी।बता दें कि नए कानून के तहत एफआइआर से फैसला सुनाने तक का समय सीमा तय किया गया है। इससे लोगों को न्याय मिलने में आसानी होगी और बेवजह कोर्ट और थानों के चक्कर नहीं लगाने होंगे।

नए आपराधिक कानून में हुए बदलाव को लेकर बैठक

लोकतंत्र की आवाज

बनियापुर। बनियापुर थाना परिसर में सोमवार को नए आपराधिक कानून न्याय संहिता को लेकर अपर थाना अध्यक्ष टुनटुन कुमार की अध्यक्षता में की गई बैठक। बैठक में बनियापुर प्रखंड के जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक लोग शामिल थे। न्याय संहिता नए आपराधिक कानून में हुए बदलाव को लेकर अपर थाना अध्यक्ष टुनटुन कुमार ने बताया की अब लोगों को 20 साल तक कोर्ट का चक्कर नहीं लगाना होगा। नए आपराधिक कानून में 3 साल में कोर्ट जजमेंट देगी। वही जानकारी देते हुए बताया की सरकार द्वारा आपराधिक कानून में कुछ संशोधन व धाराओं में बदलाव किया गया है। भारतीय दंड संहिता को हटाकर भारतीय न्याय संहिता में देशद्रोह का केस अब धारा 124 की जगह 152, हत्या का केस अब धारा 302 नहीं 103 (1) में दर्ज होगा। वहीं हत्या का प्रयास धारा 307 की जगह 109, दुष्कर्म में धारा 376 की जगह 63 दर्ज होने समेत कई व्यवस्थाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि घर बैठे व्हाट्सएप और ईमेल से भी एफआईआर दर्ज कराया जा सकता है। हत्या हो या लूट, चोरी हो या फिर मारपीट सभी घटनाओं में कानून की धाराएं बदल गई हैं। जिसकी जानकारी आम जनता को होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता के साथ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू कर दिया गया है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) होगी आईपीसी में 511 धाराएं थी लेकिन भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराएं होंगी। धाराओं का क्रम बदला गया है। सीआरपीसी में 484 धाराएं थीं। नए कानून में अब इसमें 531 धाराएं होंगी। भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 अब भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के नाम से जाना जाएगा। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि परवेज अख्तर समाज सेवी डॉ इल्ताफ हुसैन, मुन्ना साहू सरपंच शिव नारायण पटेल उपेंद्र यादव सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

सबके लिए त्वरित न्याय की अवधारणा पर आधारित हैं नये आपराधिक कानून

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

भागलपुर । भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहाँ की भारत में आपराधिक कानूनों में परिवर्तन और सुधार एक महत्वपूर्ण विषय है, जो समाज की बदलती आवश्यकताओं और न्याय की आवश्यकता को पूरा करने के लिए समय-समय पर किया जाता है। हाल ही में, भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे आपराधिक कानूनों को संसद में पारित किया गया। अब एक जुलाई 2024 से पूरे देश में यह लागू हो रहा है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह ने संसद में कानून को पेश करते हुए कहा कि खत्म होने वाले ये तीनों कानून अंग्रेज़ी शासन को मज़बूत करने और उसकी रक्षा करने के लिए बनाए गए थे । इनका उद्देश्य दंड देने का था, न की न्याय देने का। तीन नए कानून की आत्मा भारतीय नागरिकों को संविधान में दिए गए सभी अधिकारों की रक्षा करना, इनका उद्देश्य दंड देना नहीं बल्कि न्याय देना होगा। भारतीय आत्मा के साथ बनाए गए इन तीन कानूनों से हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्राणिक वाजपेयी ने कहा की पुराने कानूनों में गुलामी की बू आती थी। ये तीनों पुराने कानून गुलामी की निशानियों से भरे हुए थे क्योंकि इन्हें ब्रिटेन की संसद ने पारित किया था और हमने सिर्फ इन्हें अपनाया था। नए कानून भारतीय नागरिकों के खिलाफ अपराधों को प्राथमिकता दे रहे हैं। नए अपराधिक कानूनों में महिलाओं, बच्चों और मानव शरीर के खिलाफ अपराधों को प्राथमिकता दी गई है।

साहिबगंज : जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

साहिबगंज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि एनजीटी के गाईडलाइन के अनुसार बालू उठाव पर रोक लगाने का हवाला देते हुए कहा कि अगर इस दौरान नदियों से बालू का उठाव करते हुए कोई भी पाया गया, तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होने कहा कि अन्य राज्यों से सटे क्षेत्रों पर थाना प्रभारी विशेष नजर रखें, किसी भी परिस्थिति में बालू का उठाव एवं परिवहन नहीं हो इसे सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला के सभी अंचल अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निदेश दिये। उन्होने कहा कि इंटीग्रेटेड माइनिंग चेकपोस्ट के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निर्देशित करते हुए सभी संबंधित

अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने आंचल अंतर्गत पढ़ने वाले सभी खनन पट्टो की जांच संबंधित थाना प्रभारी से सहयोग लेते हुए प्रशाखीय मापी कर मापी प्रतिवेदन आधोहस्ताक्षी जिला खनन पदाधिकारी को समर्पित करें। सभी खनन टास्क फोर्स सदस्य जिला अंतर्गत चल रहे वैध- अवैध क्रेशरों की समय-समय पर जांच करें। संबंधित रिलीज धारी द्वारा लीज का इकरारनामा सही रैयतों से किया गया है अथवा नहीं की जांच करना सुनिश्चित करें। अनुमंडल पदाधिकारी जिलान्तर्गत चल रहे चेक नाका की जाँच कर परिवहन चालान के साथ उउळश फुटेज की जाँच एवं रिकॉर्डिंग का पर्यवेक्षण करते हुए 72 घंटे के अंदर अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदन समर्पित करेंगे। जिला परिवहन पदाधिकारी, साहेबगंज को निदेश दिया कि जिला अन्तर्गत 10 बजे रात्रि से सुबह 05 बजे तक ही भारी वाहनों का परिचालन करने का निर्णय का अनुपालन किया जा रहा है।उन्होनें निदेश दिया कि बालू के पर्यावेक्षण अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण की निगरानी तथा बालू का भंडारण सड़क के किनारे न हो इसकी भी सतत निगरानी रखी जा रही है।साहेबगंज जिलान्तर्गत विस्फोटक की जाँच नियमित रुप से करेंगे, ताकि अवैध विस्फोटक का उपयोग होने से रोका जा सके के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी, साहेबगंज द्वारा बैठक कर सभी संबंधित पट्टेधारियों को निर्देशित किया जाए। साहेबगंज जिलान्तर्गत अवैध खनन एवं परिवहन न हो इसकी जाँच जिला खनन टास्क फोर्स के सभी सदस्यों द्वारा नियमित रूप से की जाय, तथा अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों को जप्त करते हेतु जप्ती सूची के साथ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। बैठक में परिचर्चा के दौरान अंचल अधिकारी, बरहरवा एवं थाना प्रभारी को कोटालपोखर को खनिज से लदे वाहनों को पारगमन हेतु अतिरिक्त रास्तों का चयन कर दिनांक 10.06.24 तक प्रतिवेदन उपस्थापित करने का निदेश दिया गया है।

सभी थाना परिसर ने जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कि गई

लोकतंत्र की आवाज

मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर । सोमवार को नवगछिया पुलिस जिला के सभी थाना परिसर में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कि गई ।कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों की मौजूदगी देखने को मिला।बिहपुर रेल थाना में जीआरपी थानाध्यक्ष सुदामा पासवान, बिहपुर थाना में थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर व झंडापुर थाना में थानाध्यक्ष मनोज कुमार के संयोजन में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि समेत आमजन को नए प्रभावी हुए कानून व धाराओं के प्रमुख विशेषताओं के बारे भी विस्तार से बताया गया।इस मौके पर बिहपुर थाना में मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी मुख्यालय मनोज सुमन के अलावे महंत नवलकिशोर दास, पूर्व प्रमुख अरविंद चौधरी, मोहम्मद इरफान आलम, मुखिया मनोज लाल, अलख निरंजन पासवान, सरपंच अशोक

गोस्वामी आदि समेत एस आई अजीत कुमार, पुअनि रिया कुमारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं व महिलाओं इस कार्यक्रम में उपस्थिति हुए।जानकारि हो कि पूरे देश में भारतीय दंड संहिता यानि आईपीसी अब इतिहास बन गया। भारतीय दंड संहिता की जगह पर पूरे देश में भारतीय न्याय संहिता यानि बीएनएस के अलावे भारतीय साक्ष्य अधिनियम यानि बीएसए एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता यानि बीएनएसएस सोमवार यानि एक जुलाई से प्रभावी हो गया।

अखिल भारतीय ब्राह्मण संरक्षण, संघ की प्रांतीय बैठक सम्पन्न

लोक तंत्र की आवाज़

मुंगेर। दिनांक 30/6/2024 दिन रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण संरक्षण संघ भारत के ओर से इस साल का बिहार प्रदेश का प्रांतीय कार्यकर्ता सम्मेलन, मुंगेर जिला कमिटी के द्वारा कार्यालय ब्राईट कैरियर, नीतिबाग, रायसर मुंगेर में किया गया। इस अवसर पर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव पाण्डेय जी, राष्ट्रीय सचिव श्री मती पूजा शर्मा जी मुख्य अतिथि थे जो कि संगठन के उद्देश्यों, कार्यक्रमों पर प्रकाश डालने एवं संगठन से लोगों को जोड़ने पर बल दिया। इस अवसर पर संघ के कुंदन पाण्डेय जी, बिहार प्रदेश प्रभारी ललित किशोर शर्मा जी, प्रदेश महासचिव शशिकांत पाण्डेय जी, प्रदेश सचिव , कन्हैया पाण्डेय जी, प्रदेश सचिव संतोष पाण्डेय जी, प्रदेश मिडिया प्रभारी सरवोदय पाण्डेय, पटना जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम पाण्डेय जी, उपाध्यक्ष श्री संजीत तिवारी जी, महासचिव पटना

संजय तिवारी जी, धर्माध्यक्ष पटना , विजय पाण्डेय जी, जिला अध्यक्ष सिंटु कुमार पाण्डेय लखिसराय,जिला अध्यक्ष मुंगेर शशिभूषण पाण्डेय जी, उपाध्यक्ष मुंगेर, महासचिव मुंगेर, संरक्षक मुंगेर कार्यक्रम संयोजक सह कोषाध्यक्ष मुंगेर बब्बन झा , सोनू झा एवं मुंगेर जिला युवा मोर्चा के सभी सदस्यों के साथ सैंकड़ों कार्यकर्त्ताओं ने सम्मेलन में आकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किये। जय हिंद, जय परशुराम।

साहिबगंज : उपायुक्त के द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

मामलोत सेख

साहिबगंज आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में मासिक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया । उपायुक्त ने बताया की साहेबगंज जिला का विगत कुछ वर्षों से कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं का वार्षिक परीक्षा में परीक्षाफल संतोषजनक नहीं आया है। वर्ष 2023-24 में 10वीं में जिला का स्थान 23वां एवं 12वीं में भी विभिन्न संकायों में 20वां स्थान या उससे नीचले स्थान पर है। उपायुक्त ने बताया परीक्षा फल निराकरण के लिए प्रोजेक्ट समीक्षा अभियान चलाया जाएगा।प्रत्येक विद्यालयों से विभिन्न पदाधिकारियों को टैग किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत् जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय सभी पदाधिकारियों को संबंधित विद्यालय के संरक्षक के रूप में नामित किये गये हैं। छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन हेतु उन्हें विभिन्न पदाधिकारियों के द्वारा समय-समय पर मागदर्शन एवं बेहतर भविष्य हेतु कैरियर काउन्सिलिंग किया जायेगा। सभी संलग्न पदाधिकारी अपने दैनिक कार्यों से समय निकालकर समय-समय पर टैग विद्यालयों में प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों का अनुसमर्थन करेगें एवं छात्र-छा-छात्राओं को मार्गदर्शन करेंगें। पदाधिकारी अपने अनुभवों को छात्र-छात्राओं से साझा करेंगे ताकि छात्रो में एक बेहतर भविष्य के बारे में समझ उत्पन्न हो।उन्होंने आदिम जनजाति मशरूम उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत साहिबगंज जिला के 5 आदिम जनजाति बहुल प्रखण्ड (आकांक्षी प्रखण्ड मंडरों, बोरियो, बरहेट, पतना तथा तालझारी) के कुल 10 गाँवों में 100 आदिम जनजाति के युवक/युवतियों का चयन किया गया है, जिनको मशरूम उगाने तथा उससे जुड़े उत्पादों यथा बिस्किट, आचार आदि के निर्माण की **multi-stage** ट्रैनिंग इस माह

शुरू की जाएगी तथा उन्हे ाढड के माध्यम से बाजार में उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके प्रथम चरण की शुरुआत फरएळकसाहेबगंज में 5 जुलाई से सभी प्रतिभागियों के 10-दिवसीय प्रशिक्षण से की जाएगी। जिसके बाद चयनित एजेंसी के माध्यम से उनसे **2 cycle oyster** मशरूम उगवाया जाएगा जो एजेंसी द्वारा खरीद की जाएगी जिससे प्रशिक्षणाथियों को ट्रैनिंग के दौरान भी आर्थिक लाभ मिल सके । यह योजना कृषि विभाग

द्वारा समन्वयित की जाएगी तथा कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा इसमे तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाएगा ।उन्होंने बताया कि सोलर मिनी माइक्रो ग्रेड ग्रामीण विद्युतीकरण ग्रामीण क्षेत्रों में जहां बिजली विभाग द्वारा विद्युतीकरण करना संभव नहीं हो पाया है वहां सोलर के माध्यम से विद्युतीकरण करना सुनिश्चित किया जाएगा। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से ग्रामीण विकास विभाग के उक्त गांव की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। सुरक्षा की दृष्टिकोण से एवं महत्वपूर्ण स्थान चौक चौराहों पर सोलर हाई मास्क लाइट के माध्यम से बिजली उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। जिला ग्रामीण विकास विभाग में उक्त स्थानों की सूची जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमार हर्ष एवं प्रिंट - इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

पिछले पांच माह से शराब कांड में फरार चल रही थी आरोपी महिला गिरफ्तार

लोक तंत्र की आवाज

सुपौल। जिले के जदिया थाना कांड 12/24 में दर्ज शराब मामले में पिछले पांच महीने से फरार आरोपी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार आरोपी महिला लंबे वर्षों से कच्ची शराब कारोबारी में करते आ रहे हैं, इनके सशुर, पति, देवर सहित परिवार के कई लोग इस कारोबारी में जेल जा चुके हैं इस बाबत थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी महिला बिमला देवी पति संजय सरदार जो मनगंज पश्चिम पंचायत गांव चंपानगर वार्ड नंबर 8 निवासी है। आरोपी महिला पिछले पांच महीने से फरार चल रहा था, गुप्त सूचना पर पुलिस आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है,

गिरफ्तार महिला को न्याय हिरासत में भेज दिया है विदित हो कि जदिया पुलिस में इन दिनों शराब बरामदगी एवं शराब से संबंधित कांडों में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चल रहा है। जिसके कारण प्रत्येक दिन पुलिस अधिकारियों की टीम द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। जदिया पुलिस का दावा है कि किसी शुरत में शराब कारोबारी में संलिप्त लोगों को बख्शे नहीं जाएंगे।

संक्षिप्त खबरें ।

मोतिहारी: जब से लगा नल जल,तब से नहीं मिला पानी, बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत

मोतिहारी। चिरैया ब्लॉक के महुआवा पश्चिमी पंचायत के वार्ड नंबर 4 में लोगों को नल जल का पानी नसीब नहीं हो रहा है। बूंद बूंद पानी के लिए लोग तरस रहे हैं।कि कभी तो हमलोग भी नल का जल पी कर तर जाए। चार नंबर वार्ड के लोग कहीं-कहीं से पानी लाकर अपना जीवन यापन चला रहे हैं । नल जल योजना का पाइप बिछाया गया वह भी जमीन के उपर यह पाइप लोहे की जगह प्लास्टिक के पाइप का इस्तेमाल किया गया है और वो भी प्लास्टिक का पाइप घटिया क्वालिटी का लगाया गया है। इस योजना का लाभ पूर्व के वार्ड सदस्य श्री भगवान साह ने भरपूर फायदा उठाया है पैसे का बंदर बांट किया गया है। एक तरफ देखा जाए तो गर्मी की वजह से हैंडपंप सूख रहा है और दूसरी तरफ नल जल के पानी का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा। आपको बताते चले की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सात निश्चय योजना में से एक योजना थी नल जल योजना जो धरातल पर देखा जाए तो पूरी तरह से ध्वस्त नजर आता दिख रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पंचायती राज विभाग के अंतर्गत योजना का लाभ लोगों को देने के लिए कहा था और यह कार्य पंचायती राज से हटाकर पीएचडी विभाग को दिया गया पीएचडी विभाग के जेई से बात करने पर पल्ला झाड़ते हुए नजर आते हैं। लगभग दो साल पहले चार नंबर वार्ड का टंकी हवा की वजह से गिरा था और आज भी गिरा हुआ है मेंटेनेंस के नाम पर पैसे की भरपूर उगाही की जा रही है जिसके कारण लोगों को पीने की पानी की बहुत बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आक्रोशित ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारी को कई बार फोन करके बोला लेकिन सुनने को कोई तैयार नहीं। राकेश कुमार, रामकिशोर साह, विजय साह, मेघनाथ प्रसाद, कृष्णा साह इत्यादि ने कहा हमलोग पानी पिए तो पिए कैसे।

आधार कार्ड के नाम पर अवैध वसूली

क्षितिज राज

प्रखण्ड बगहा के पतिलार पंचायत के पंचायत भवन के पिछे चोरी छिपे कुछ लोगों द्वारा आधार कार्ड बनाया जा रहा है जिसमें आधार कार्ड बनवाने आए व्यक्तियों से 500 से 550 रुपए प्रति आधार कार्ड वसूली किया जा रहा है आपको बता दे की आधार में सुधार करना हो या फिंगर लगवाना हो तब भी 500 से 550 रूपया लग रहा है सबसे ताजूब कि बात कि आधार कार्ड बनाने की खबर ना स्थानीय जनप्रतिनिधियों को है और ना ही प्रखंड प्रशासन को फिर भी बिचौलियों द्वारा आम जनों से अवैध रुपया वसूली किया जा रहा है और प्रशासन मुक दशक बना हुआ है वही आधार कार्ड बनवाने आए आम जनता कि क्या बात उन्हें तो किसी तरह उनका आधार कार्ड बन जाए उसी से मतलब चाहे पैसा कितना भी लगे परंतु इस प्रकार का कार्य एवं प्रकार से गैरकानूनी ही है अब देखना है क्या प्रशासन इस रोक लगा पाती है कि नहीं। आधार कार्ड बनाने वाले से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि मेरे पास आईडी हैं इसी पर हम लोग काम कर रहे हैं तो जब एक पत्रकार द्वारा उन लोगों से जब आईडी मांगा गया तो वो लोग बंद कर के भागने लगे। जो कार्ड बनवाने आ रहे हैं तो उनसे मनमानी पैसा वसूली कर रहा हैं।

ट्रक-कार की सीधी टक्कर, 3 लोग घायल मोतिहारी के एनएच-28 पर सड़क दुर्घटना नेपाल से लौटने के दौरान हुआ हादसा

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत

रक्सौल सोमवार की सुबह एनएच-28 पर सड़क दुर्घटना हुई है। इसमें कार के परखच्चे उड़ गए। कार में चालक सहित तीन व्यक्ति सवार थे। जो इस घटना में बुरी तरह से जख्मी हुए है। पुलिस ने सभी घायलों को रक्सौल के एसआरपी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भेजा है। सभी घायल चकिया मधुबन के रहने वाले है।यह नेपाल घूमने गए थे। नेपाल से वापसी के वक्त यह घटना घटित हुई है। घायलों में परमानंद साह, राजेश साह और प्रह्लाद प्रसाद है। इसमें ड्राइवर राजेश साह की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। डॉक्टर सुजीत कुमार ने बताया कि राजेश कुमार को आईसीयू में रखा गया है।

ट्रक असंतुलित होकर पेड़ से टकराई: यह घटना एनएच-28 के नरीरगिर चौक व शहीद अरविंद पेट्रोल पंप के बीच घटना घटित हुई है। बताया जाता है कि एक माल वाहक ट्रक रक्सौल की तरफ जा रही थी। विपरीत दिशा से आ रही उक्त सुजुकी वैगनोर कार ने माल वाहक ट्रक की दिशा में आकर सीधी टक्कर मार दी।इस घटना में ट्रक भी असंतुलित होकर सड़क के दाहिनी तरफ एक पेड़ से जाकर टकरा गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस टक्कर की आवाज इतनी जोरदार थी कि आसपास के लोग आवाज से घबरा गए, देखते ही देखते घटनास्थल पर भारी भारी संख्या में लोग जमा हो गए।

जांच में जुटी पुलिस: घटना की सूचना मिलते ही रामगढ़वा थाना अध्यक्ष सच्चिदानंद पांडेय ने घटनास्थल पर पुलिस बल को भेजा। घटनास्थल पर पुलिस ने पहुंच कर घायलों के इलाज के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस घटना के कारण की जांच कर रही है।

पुलिस ने सभी घायलों को रक्सौल के एसआरपी हॉस्पिटल में इलाज के लिए भेजा

पचपकडी थाना में नए थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने दिया योगदान

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत

पूर्वी चम्पारण: पचपकड़ी थाना में नये थानाध्यक्ष के रूप में संदीप कुमार ने सोमवार को योगदान दिया। इस दौरान थाना प्रभारी संदीप कुमार ने कहा कि जनता और पुलिस की आपसी सहभागिता को हर सम्भव सजग बनाये रखेंगें। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को गहनता से जाँच कर ही उस पर कार्रवाई की जाएगी ताकि कोई दोषी बचे नहीं और कोई भी निर्दोष फंसे नहीं। ग्रामीण बिना किसी डर भय से अपनी समस्या को हमारे पास आकर बता सकतें हैं मैं हर संभव उनके समस्या का प्रशासनिक निदान करने का प्रयास करूंगा। साथ ही कहा कि यदि थाना क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध धंधा चल रहा होगा तो उस पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। और क्षेत्र को अपराधमुक्त रखा जाएगा वहीं उन्होंने कहा कि वरीय पदाधिकारियों के आदेश को ईमानदारी और निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगें तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखना मेरी पहली ।

प्रधान शिक्षक के सेवानिवृत पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

गौनाहा। प्रखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भितिहरवा के प्रधान शिक्षक कृष्ण कुमार शर्मा को सेवानिवृत्त होने के उपरांत विद्यालय परिवार की ओर से विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के निवर्तमान प्रधान शिक्षक इरशाद अहमद ने किया। विदाई सह सम्मान समारोह के दौरान विद्यालय से सेवानिवृत्त प्रधान शिक्षक कृष्ण कुमार शर्मा को अंग वस्त्र देते हुए फुल माला पहनाकर सम्मान पुर्वक विदाई की गई। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधान शिक्षक इरशाद अहमद ने कहा कि शिक्षक वह दीप होते हैं,जो खुद जलकर दूसरों को प्रकाश देने का कार्य करते है, शिक्षा और शिक्षक एक दुसरे के पूरक होते है। वही इस मौके पर बिहार दिव्यांग संघ के स्टेट कोऑर्डिनेटर मनीष शर्मा द्वारा बताया गया कि प्रधान शिक्षक के कार्यकाल बहुत अच्छा रहा बापू की कर्म भूमि की जन मानस इन्हे हमेशा सम्मान पूर्वक सदैव याद करेगा।उनकी कुशल कार्य क्षमता व उत्कृष्ट योगदान हमारे लिए प्रेरणा श्रोत है। वही समारोह के दौरान जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के सचिव मायाशंकर यादव उर्फ सोनू यादव ने कहा कि पौराणिक काल से ही गुरु ज्ञान के प्रसार के साथ-साथ समाज के विकास का बीड़ा उठा रहे हैं। गुरू अज्ञान रुपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाने वाला सशक्त माध्यम होता है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक संस्कार के ज्ञानदीप शिक्षक होते हैं। शिक्षक राष्ट्र के प्राण तत्व है एवं समाज के सफल मार्गदर्शन होते हैं, विद्या नामक धन मनुष्य का अधिक सौंदर्य होता है,ये गुप्त से भी गुप्त धन है जिसका कभी कोई चोर चोरी नहीं कर सकता है। समारोह के दौरान सेवानिवृत्त हो रहे प्रधान शिक्षक ने अपना अनुभव बताते हुए कहा कि शिक्षा क्षेत्र में मुझे जहां भी जो जिम्मेदारी दी गयी उसे मैंने पूरी ईमानदारी के साथ निभाते हुए अपने कर्तव्य का निर्वहन किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकझशिक्षिकाए समेत छात्र-छात्राओं ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष बेचू यादव ,शिक्षक मनोज श्रीवास्तव, शिव शंकर चौहान, दिनेश चंद्र गिरी,समीर शर्मा, वंदना कुमारी, ममता कुमारी,राजेश कुमार,रंजन कुमार, संतोष कुमार, रेखा कुमारी समेत विद्यालय के छात्र-छात्राएं व अविभावक मौजूद रहे।

बगहा दो प्रखंड के दर्जनों पँचायत मे मनरेगा में जमकर मची है लूट,नहीं ले रहा थमने का नाम

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा। मनरेगा में घोर धांधली से मजदूरों की हाज़री बनाकर कार्य को दर्शाया जा रहा है।सूत्रों की माने तो,धुंधली और अस्पष्ट फोटो लगाकर बनाई जा रही सैकड़ों मजदूरों की एनएमएमएस पर हाजरी।बतादें की पँचायतो मे चल रही 5 योजनाओं मे 411 मजदूरो की एनएमएमएस पर फर्जी हाजरी।फोटो में स्पष्ट दिख रहा है कि न हाथ मे कुदाल है और न सिर पर टोकरी और न ही दिखने में कहीं से भी मजदूर दिख रहे हैं गजब तो यह कि मजदूरी की एक ही फोटो से पइन सफाई योजना में सैकड़ों मजदूरों की एनएमएमएस पर फर्जी हाजरी बनाई जा रही है।सूत्रों के मुताबिक यही हाल प्रखंड के बैराठी बहुअरवा,बैरागी सोनवर्षा आदि पंचायतों में लगभग 300 से 350 मजदूरों की बन रही फर्जी हाजरी।सबसे बड़ा सवाल-क्या जिला में टॉप(4500 से अधिक) पर रहने के लिए बनाई जा रही है फर्जी हाजरी।

क्या फर्जी हाजरी पर लगेगी रोक: मैनाटाँड़ प्रखंड के दर्जनों पँचायत में भी लगभग बगहा दो प्रखंड के बराबर ही बनाई जा रही फर्जी हाजरी। बिना काम कराए ही साहेब और जेई की मिलीभगत से भुगतान होने की ग्रामीण दबी जुबान में कर रहे हैं चर्चा।

नवविवाहिता की हत्या से आक्रोशित लोगों ने सड़क किया जाम

लोकतंत्र की आवाज

बगहा। पटखौली थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 2 में एक विवाहिता की परिवार वालों ने गला दबाकर हत्या कर दी एवं शव को घर में ही छोड़कर फरार हो गए। घटना रविवार की शाम करीब 6 बजे की बताई जा रही है। हत्या के विरोध में पड़ोसियों ने सड़क जाम का विरोध प्रदर्शन किया। हत्या एवं सड़क जाम की सूचना पर पहुंची पटखौली पुलिस ने स्थानीय लोगों को समझा कर सड़क जाम हटाया एवं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। मृतका रानी कुमारी पटखौली निवासी राजन राम की पत्नी है। जिसका मायका रामनगर के खटौरी में है। एक वर्ष पूर्व दोनों की शादी हुई थी। हत्या किन कारणों से हुई है। इसका अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुड़ी हुई है। पटखौली थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। शव को पोस्टमार्टम लिए अनुमंडली अस्पताल भेजा जा रहा है। उन्होने बताया कि पुलिस इस मामले में परिवार की एक महिला को हिरासत में लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। इधर स्थानीय लोगों कहना है कि मृतक रानी के भसूर राजू राम एवं पति राजन राम के द्वारा उसकी गला दबाकर हत्या कर दी गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इससे पूर्व भी राजू राम अपनी बेटी की हत्या कर चुका है। जिसको लेकर स्थानीय लोग आक्रोशित थे एवं हत्यारोपी राजू एवं राजन की गिरफ्तारी की मांग करते हुए सड़क को जाम कर दिया था। करीब आधे घंटे तक लोगों ने एनएच 727 जाम रखा था। सूचना पर पहुंचे पटखौली थाना प्रभारी अवनीश कुमार के समझाने पर लोगो का गुस्सा शांत हुए एवं सड़क को जाम से मुक्त कराया गया। जिसके बाद आवागमन सुचारू रूप से शुरू हुआ।

नया अपराधिक कानून 2023 लागू होने पर थाना परिसर में आम लोगों के साथ बैठक संपन्न, 01 से नया अपराधिक कानून लागू हो गया

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ मोतिहारी शशिकांत

हरसिद्धि । थाना परिसर में आज दिन सोमवार नए कानून को लेकर बैठक की गई। नया आपराधिक कानून 2023 सोमवार 01 जुलाई से प्रभावी हो गया है। जनजागरूकता के माध्यम से इस नये कानून के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। इसी को लेकर सोमवार को हरसिद्धि थानाध्यक्ष निर्भय रॉय की अध्यक्षता में थाना परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमे लोगों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धाराओं से उपस्थित लोगो अवगत कराया गया। थानाध्यक्ष निर्भय रॉय ने बताया कि नया आपराधिक कानून त्वरित न्याय दिलाने में काफी मददगार साबित होगा। वहीं इस नये कानून के तहत एफआईआर, समन, नोटिस, ट्रायल, मुकदमा डायरी, बयान आदि को डिजिटल रूप में संग्रहित किया जाएगा। पीड़ित व्यक्ति ऑनलाइन माध्यम से एफआईआर के लिए आवेदन कर सकते हैं। तीन दिनों के अंदर आवेदक को संबंधित थाना में जाकर आवेदन पर हस्ताक्षर करना होगा। उन्होंने बताया कि धारा 302, 307, 379 नया कानून प्रभावी होने से अब क्रमशः 103 (1), 109 व 303 (2) जाना जाएगा। बैठक के दौरान अन्य महत्वपूर्ण धाराओं की जानकारी दी गई। नये कानून की प्रति उपस्थित लोगों को जानकारी दी गई है। इस मौके पर काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, मुखिया, सरपंच,सहित समाज के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

अच्छा कार्य करने वाले रोटी बैंक चौतरवा के संस्थापक सहित सदस्यो को बगहा विधानसभा प्रत्यासी जयेश मंगल सिंह ने मेडल व सिल्ड देकर किया सम्मानित

लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज

रोटी बैंक चौतरवा संस्था के कार्यों को देखकर आज बगहा विधानसभा के लोकप्रिय कांग्रेस नेता व समाजसेवी जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह जी द्वारा रोटी बैंक चौतरवा के सभी टीम सद्स्य के कार्यों को देखकर संस्थापक विक्की गुप्ता , आशीष मिश्रा , विवेक कुमार शर्मा, दीपक कुमार ठाकुर, राज कुमार श्रीवास्तव को मेडल और अवॉर्ड दे कर सम्मानित किया गया वही रोटी बैंक चौतरवा के संस्थापक विक्की गुप्ता ने कहा कि मैं चंपारण का सबसे कम उम्र का लड़का हूं जो की एक संस्था के माध्यम से निस्वार्थ जरूरत मंद लोगो को भोजन कराता हूं और ये कार्य हमसे तमाम जुड़े बड़े भाई, छोटे भाई, मित्र , गुरुजनों के सहयोग से हो पाता है वही विक्की गुप्ता ने ये भी कहा की 24 जून मधुबनी जिला के जयनगर में भी हमारे कार्यों को देखकर अंग वस्त्र व मेडल से सम्मनित किया गया वही कांग्रेस नेता जयेश मंगल सिंह जी उर्फ जय सिंह जी ने कहा कि किसी भूखे को खाना खिलाना से बड़ा पुण्य का कार्य क्या होगा जयेश मंगल सिंह जी ने रोटी बैंक के सभी टीम सद्स्य को आश्वासन दिया की जब भी हमारी जरूरत पड़े बेजिझक हमे बताएं मैं सदैव रोटी बैंक चौतरवा के साथ सदैव तत्पर्य रहूंगा। जयेश सिंह जी ने टीम सदस्यों को उत्साह वर्धन किया और साथ ही सभी सदस्यों के साथ बैठ कर नाश्ता भी किया। वहीं रोटी बैंक चौतरवा के संस्थापक विक्की गुप्ता ने कहा कि इस सम्मान एवं पुरस्कार का श्रेय उन सभी सहयोगी को समर्पित है जिनका योगदान रोटी बैंक में सदैव मिलता रहता है आप सभी भी एक दिन का भोजन अपने तरफ से दे ताकि कुछ जरूरत मंद लोगो का भूख मिट सके । रोटी बैंक का एक ही सपना कोई भूखा ना सोए अपना ।।

21वीं वाहिनी एसएसबी बगहा का हर्षोलास से मनाया 22वां स्थापना दिवस

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

बगहा। 21वीं वाहिनी का स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । सर्वप्रथम वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट अश्वनी कुमार को जवानों के द्वारा सलामी दी गई तत्पश्चात 21 सी वाहिनी के कार्यवाहक कमांडेंट ने जवानों को इस स्थापना दिवस की बधाई दी । वाहिनी के इस स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दिनेश राय,आई.ए.एस जिला पदाधिकारी पश्चिम चंपारण एवं सुशांत कुमार सरोज, आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला पुलिस बगहा का आगमन हुआ तथा जिला पदाधिकारी के बताया गया कि भारत-नेपाल सीमा पर 21वीं वाहिनी द्वारा वाल्मिकी व्याघ्र आरक्ष्य के घने जंगल,नदी नाले और अति दुर्गम क्षेत्र की रखवाली काफी सजगता के साथ किया जा रहा है तथा सीमावर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों तक लाभ पहुंचाने का जो कार्य किया जा रहा है वो प्रशंसनीय है साथ ही साथ वाहिनी के कार्यक्षेत्र की निगरानी निरंतर पूरी जिम्मेदारी वह निष्ठा के साथ की जा रही है। भारत नेपाल के सीमा के सुरक्षा के साथ-साथ कानून व्यवस्था ड्यूटी चुनाव ड्यूटी व जम्मू कश्मीर में संवेदन शील ड्यूटी को भी निष्पादित किया जा रहा है इसके साथ अपने जिम्मेदारी के क्षेत्र में अति दुर्गम दोन इलाके जैसे जगह पर समय-समय पर नागरिक कल्याण कार्यक्रम मानव चिकित्सा शिविर पशु चिकित्सा शिविर के माध्यम से सुदूर ग्रामीण और सीमावर्ती जनमानस को रोजगार के लिए प्रशिक्षण एवं मुख्य धारा में लाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है साथ ही लोक सभा चुनाव 2024 में 21वीं वाहिनी द्वारा सहयोग प्रदान करने के लिए भी धन्यवाद किया गया। श्री अश्विनी कुमार ने जवानों के लिए संदेश देते हुए कहा कि एकता में बहुत बल होता है सभी आपस में एकता बनाए रखें वह ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहें कार्यवाहक कमांडेंट ने वाहिनी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सभी बलकर्मियों से अपेक्षा है कि इसी प्रकार अपने कार्यों के बदौलत वाहिनी का नाम बुलंदियों पर पहुंचाते रहे। इस 21वीं वाहिनी के 22 में स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर बच्चों का खेल प्रतियोगिता कराया गया संदीक्षा सदस्यों का खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया , इस मौके पर सहायक कमांडेंट श्री ऋषिकेश चवन को महानिदेशक सिल्वर मेडल से उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया इस मौके पर जिलाधिकारी बेतिया दिनेश राय (कअर), तथा सुशांत कुमार, (आईपीएस) एसपी, बगहा,कमांडेंट चिकित्सा डॉ ममता अग्रवाल,कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा (65वीं वाहिनी एसएसबी) कमांडेंट चिकित्सा विनय अग्रवाल,कार्यवाहक कमांडेंट अश्विनी कुमार उप कमांडेंट उमाशंकर नाशाना उप कमांडेंट,एम टी मेरेन,उप कमांडेंट अभिषेक सुहाने, सहायक कमांडेंट राजन कुमार, जयंत बोरा, ऋषिकेश चवन,वंशदीप मांझी,मोहित कुमार सहायक कमांडेंट संचार आदर्श चौहान तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं वाहिनी के अन्य सभी अधिकारीगण व अधिनस्थ अधिकारी एवं बलकर्मी उपस्थित रहे।

एसडीपीओ ने बैठक कर तीन नए अपराधीक कानून की दी जानकारी

लोकतंत्र की आवाज

बगहा। आज से देशभर में तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो गए हैं। यह नए अपराधीक कानून को 25 दिसंबर 2023 को राष्ट्रपति ने तीन विधेयकों को अपनी मंजूरी दिया था। इसी कड़ी में सोमवार को बगहा डीएसपी कुमार देवेंद्र ने तीन नए कानून के बारे जानकारी के लिए नगर थाना में बैठक कर लोगों को नए कानून के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को बताता की आज देश के भर में नए आपराधिक कानून में लागू हुआ है। यह पहली बार व्यापक परिवर्तन किए गए हैं। जो आज से पूरे देश में नया आपराधिक कानून लागू हो गया है। नए आपराधिक कानून की जानकारी के लिए आज बगहा नगर थाना परिसर में जागरूकता शिविर लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि धाराएं कम और ज्यादा आईपीसी की जगह लेने जा रही भारतीय न्याय संहिता में 358 धारा होंगी। आईपीसी में 511 धाराएं थीं। इस तरह से काफी धाराएं घटा दी गई हैं, जबकि सीआरपीसी की जगह लेने जा रही भारतीय न्याय संरक्षण संहिता में 531 धाराएं होंगी।सीआरपीसी में 484 धाराएं थीं। इस तरह से इसकी धाराओं की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है। वहीं अनुमंडलीय क्षेत्र के सभी थानों में कानून को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ गणमान्य लोग व आम लोगों को नए कानून के बारे में जानकारी दी जा रही है।

संक्षिप्त खबरें ।

कहारपुर में भारि भीषण कटाव से ग्रामीणों में दहशत ,गांव का मुख्य सड़क पानी के दबाव से धंसा

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड क्षेत्र हरिओ पंचायत के कहारपुर गांव भीषण कटाव जारी हैं । पिछले कुछ दिनों की बारिश के कारण कहारपुर गांव का मुख्य सड़क धस चूका हैं ।गांव के ग्रामीण सनातन सिंह,चैतू पासवान,पवन पासवान, गुलशन पासवान,भीखो यादव , पीयूष यादव, अंकुश पासवान ने बताया कि दर्जनों लोगों का घर कटाव के मुहान पर हैं । पिछले कई सालों से कहारपुर कट रहा था ।पर दो सालों से कटाव थोड़ा कम हुआ हैं ।गांव का मुख्य सड़क पानी के दवाव से धस चूका हैं ।गांव के लोग किस तरह अपने प्रखंड, बाजार जाएंगे यह एक चिंता का विषय बन गया है। इसकी जानकारी अंचलाधिकारी को टेलिफोनिक के मध्य से दें चूके हैं

शराब मामले में गांधी टोला से एक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
धर्मेंद्र कुमार शर्मा] पकरीबरावां। पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांधी टोला में छापेमारी कर श्याम मांझी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि पूर्व के शराब के एक मामले में उसे गिरफ्तार किया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

रिटायर्ड चौकीदार से ठगी करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
धर्मेंद्र कुमार शर्मा] पकरीबरावां। पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के धेवधा गांव के नीतीश कुमार को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उस पर ठगी का एक मुकदमा दर्ज है। बताया गया कि 27 मई को तिरवा गांव निवासी रिटायर्ड चौकीदार हारो पासवान बैंक से 49 हजार निकालकर घर लौट रहा था। इस दौरान गिरफ्तार युवक ने उससे कहा कि वह उसके बेटे का साला है। वह रुपए गिनने के लिए भेजा है। वह रिटायर्ड चौकीदार को पकरीबरावां बाजार स्थित एक होटल ले गया, वहां नोट गिनने के क्रम में वह पैसे लेकर चंपत हो गया।

बेवजह मारपीट करने के मामले में तीन के विरुद्ध केस दर्ज

लोकतंत्र की आवाज
वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)। वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के सिमरी बिगहा ग्रामीण स्व अशोक यादव की पत्नी फूलवंती देवी ने गांव के ही राकेश यादव तथा कारु यादव सहित एक महिला के विरुद्ध बेवजह घर पर आकर गाली गलौज व मना करने पर मारपीट कर घायल कर देने की प्राथमिकी स्थानीय थाने में दर्ज करायी है। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

जिला जनसंपर्क पदाधिकारी द्वारा सेवानिवृत्त वाहन चालक को विदाई समारोह आयोजित

लोकतंत्र की आवाज़
गया। सेवानिवृत्ति के उपरांत जिला जन संपर्क कार्यालय, गया द्वारा आज जिला जन संपर्क पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमे जिला जन संपर्क पदाधिकारी, गया दीपक चंद्रदेव, सूचना लिपिक रघुवंशमणि, दीपक कुमार सहायक प्रशासी पदाधिकारी दिनेश प्रसाद, सेवानिवृत्ति लिपिक यादव सहित जन संपर्क के सभी कर्मी शामिल हुए हैं। विदाई समारोह में जिला जन संपर्क पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि दिलीप कुमार अग्रवाल की प्रथम नियुक्ति प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय, मगध प्रमंडल, गया में दिनांक 03.09.01 को हुई, जहां उन्होंने लगभग 20 वर्षो की सफल कार्यावधि पूर्ण किया तथा उनका स्थानांतरण प्रमंडलीय जन संपर्क कार्यालय, मगध प्रमंडल से जिला जन संपर्क कार्यालय, गया में हुआ है। जिला जन संपर्क कार्यालय, गया में उन्होंने लगभग 2 साल का सेवा दिया गया और दिनांक 30 जून, 2024 को सेवानिवृत हुए हैं। उनका कार्यकाल बेहद अच्छा रहा, वे एक कर्मठ, ईमानदार तथा मेहनती कर्मी रहे हैं। मैं इनकी बेहतर स्वास्थ्य की कामना करता हूं। इसके उपरांत कार्यालय द्वारा अग्रवाल को पुष्पगुच्छ देते हुए भेंट दिया गया है। अंगवस्त्र एव शॉल ओढ़ाकर उन्हें विदाई दी गयी है। शेष बचे जीवन काल को अच्छे से व्यतीत करने की कामना की गई है। उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की गई है।

देश में लागू हुए नए आपराधिक कानून, आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट की जगह लेंगे तीन नए कानून : रूपेश कुमार सिन्हा, थानाध्यक्ष

लोकतंत्र की आवाज

वारिसलीगंज (नवादा)। पुरे भारत में सोमवार एक जुलाई से नए आपराधिक कानून लागू हो गया। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन नए आपराधिक कानून सोमवार से लागू हो गया।आईपीसी की जगह अब भारतीय न्याय संहिता कानून ले लिया। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल के दौरान इन तीनों नए कानूनों को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान पारित कराया था जो राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद ये तीनों कानून एक जुलाई से पूरे देश में लागू हो गया। उक्त बातें नवादा जिले के वारिसलीगंज थाना परिसर में आयोजित बैठक में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया।

थानाध्यक्ष श्री सिन्हा ने बताया कि कानून की धारा 375 और 376 की जगह अब नए कानून में दुष्कर्म की धारा 63 होगी, जबकि गैंगरेप की धारा 70 हो जाएगी। वहीं हत्या के लिए अब धारा 302 की जगह धारा 101 लागू होगी। भारतीय न्याय संहिता में 21 नए अपराधों को जोड़ा गया है, जिसमें मॉब लिंचिंग भी शामिल है। सरकार ने मॉब लिचिंग को लेकर कानून बनाया है।कुल 41 अपराध की सजा को पहले से बढ़ा दिया गया है, वहीं 82 अपराधों में जुर्माना की राशि बढ़ाई गई है। नए कानून के अनुसार, आपराधिक मामलों की सुनवाई खत्म होने के बाद 45 दिनों के भीतर फैसला आएगा। पहली सुनवाई के दो महीने के भीतर आरोप तय किए जाएंगे।राज्यों की सरकार को गवाहों की सुरक्षा और सहयोग के लिए गवाह सुरक्षा योजनाएं लागू करना होगा।नए कानून के मुताबिक अब महिला पुलिस दुष्कर्म पीड़ितों का बयान उनके अभिभावकों की मौजूदगी में दर्ज करेगी। सात दिन के भीतर मेडिकल रिपोर्ट पूरी होनी चाहिए। महिला और बच्चों के खिलाफ अपराधों को लेकर कानून में एक नया अध्याय जोड़ा गया है। इसमे बच्चे को खरीदना या बेचना जघन्य अपराध होगा, जिसके लिए सख्त सजा का प्रावधान किया गया है।नए कानून ते तहत नाबालिक के साथ गैंगरेप के लिए मौत की सजा या आजीवन कारावास की सजा हो सकती है।

लड़कियों या महिलाओं को शादी का झूठा वादा करके गुमराह करने के मामलों में भी सजा का प्रावधान किया गया है। महिलाओं के खिलाफ अपराध के पीड़ितों को 90 दिनों के अंदर अपने मामलों पर जानकारी हासिल करने का अधिकार होगा। महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराध के मामले में सभी अस्पतालों को मुफ्त इलाज करना जरूरी होगा। आरोपी और पीड़ति दोनों को 14 दिनों के भीतर एफआईआर, पुलिस रिपोर्ट, चार्जशीट, बयान, इकबालिया बयान और अन्य दस्तावेजों की प्रति प्राप्त करने का अधिकार है।नए कानून के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से भी घटनाओं की रिपोर्ट की जा सकेगी, जिससे पीड़ति को पुलिस स्टेशन जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पीड़ति अपने अधिकार क्षेत्र वाले थाने के बजाए किसी भी थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकेंगे। गंभीर अपराधों के लिए एफएसएल टीम को घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जमा करना अनिवार्य होगा। लिंग की परिभाषा में अब ट्रांसजेंडर भी शामिल होंगे, जो समानता को बढ़ावा देता है।मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर, धर्मेन्द्र कुमार, अपर थानाध्यक्ष सुभाष कुमार, एसआई भोला सिह ,एसआई वशिष्ठ कुमार सिंह , संजय सिंह, मुखिया मृत्युंजय कुमार, राज कुमार सिंह, शैलेन्द्र सिंह, डॉ गोविंद जी तिवारी, सुरेन्द्र यादव, अजित यादव, राम शकल यादव, पप्पू चौधरी तथा संजय यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

पकरीबरावां एवं धमौल थाना में नए आपराधिक कानून की अधिकारियों ने दी जानकारी

लोकतंत्र की आवाज

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावां। पकरीबरावां थाना एवं धमौल थाना परिसर में सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों को नए आपराधिक कानून की जानकारी दी गई। एसडीपीओ महेश चौधरी ने लोगों को नए आपराधिक कानून की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब नागरिक किसी भी स्थान से भी ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करा सकते हैं।

दो दिन के अंदर थाना में उन्हें संपर्क करना अनिवार्य होगा इसके अलावा एफआईआर के बाद निःशुल्क प्रति उपलब्ध कराने, 90 दिनों के अंदर जांच प्रगति की जानकारी देने, महिला संबधी अपराध को लेकर 24 घंटे के अंदर मेडिकल जांच रिपोर्ट समर्पित करते हुए प्राथमिकी करने आदि पर विशेष बल दिया गया ।इस दौरान बीडीओ नीरज कुमार ने भी लोगों को धारा 144 में हुए फेरबदल की भी जानकारी दी एवं कहा की सभी प्रकार के अपराध में थोड़ा फेरबदल कर कानून को सख्त बनाया गया है वहीं थानाध्यक्ष अजय कुमार ने लोगों को बताया की यदि किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी किसी भी केस में होगी तो उसकी जानकारी के लिए स्नेहा कुमारी को नयुक्त किया गया है।

उन्होंने यह भी कहा की सभी के साथ न्याय होगा जिनको भी कोई शिकायत हो वह बेहिचक अपनी शिकायत उनके नंबर पर करें आवेदन मिलते ही कारवाई होगी इस अवसर पर अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार, एस आई स्नेहा कुमारी,कन्हैया कुमार,अभिषेक कुमार, जीविका प्रबंधक पूनम प्रजापति सहित सभी थाना के अधिकारी ,एवं जनप्रतिनिधियों में देवधा मुखिया संदीप राजवंशी, एरुरी मुखिया विनय कुमार,उतरी मुखिया प्रतिनिधि अनिल कुमार यादव, समाजसेवी आशो पासवान, मोहम्मद हफीज नौशाद,बाल्मिकी मेहता, पंचायत समिति दिनेश सिंह, सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण कुमार उर्फ लाला,पंकज सिंह,विजय यादव सहित विभिन्न जीविका दीदी के सदस्य आदि मौजूद थे।

केन्द्र सरकार के खिलाफ राजद सांसद का विरोध प्रदर्शन किया गया

लोकतंत्र की आवाज

गया। दिल्ली में चल रहे संसद भवन के बाहरराजद सांसद लोक सभा एवं राज्य सभा के द्वारा संसद भवन के बाहर प्रदर्शन किया। संसद भवन के बाहर राजद सांसद द्वारा एणडीए सरकार के द्वारा जांच एजेंसी द्वारा दुरुपयोग भ्रष्टाचार,निट पेपर लिक के विरोध में प्रदर्शन किया संसद भवन के मुख्य गेट पर। संसदीय दल के नेता अभय कुशवाहा,मिसा भारती,संजय यादव, सुधाकर सिंह,मनोज झा, तानाशाही नही चलेगी, आदी विरोध बेनर लेकर प्रदर्शन किया गया है।

मानसून की पहली तेज बौछार से राहत, किसानों के चेहरे खिले

लोकतंत्र की आवाज

- झमाझम वर्षा ने किसानों के धान की नर्सरी में लायी जान,बचे खुचे नर्सरी डालने में जुटे किसान

वारिसलीगंज (नवादा)। प्रखंड क्षेत्र में पिछले एक महीने से भीषण गर्मी और लू से लोग परेशान थे। वहीं शनिवार की शाम से शुरू हुई रिमझिम बारिश रविवार की सुबह तक मानसून की पहली तेज बौछार में बदल गयी, जिससे लोगों को गर्मी से राहत के साथ-साथ खेती किसानी के कार्य में तेजी आयेगी।खेतों में पर्याप्त नमी आने के बाद धान रोपनी से पहले खर पतवार को नष्ट करने को लेकर खेतों की जुताई में किसान जुट गये हैं। वहीं खेतों में लगी धान की नर्सरी जो भीषण गर्मी से बेहाल हो रही थी, वर्षा से नयी जान आ गयी है। वर्षा के बाद किसान बचे खुचे धान की नर्सरी को डालने का कार्य कर रहे हैं, जबकि पिछले डेढ़ माह से तपती धरती समेत आम जन जीवन ने काफी राहत महसूस किया है।

शनिवार की शाम से शुरू हुई बारिश रविवार की सुबह अपने मूल रूप में नजर आयी। तेज बौछार से 40 से 43 डिग्री का तापमान में गिरावट आ गयी है। तापमान में गिराबट आने से आम लोगों के साथ पशु पक्षी भी राहत की सांस ली है। भूगर्भीय जलस्तर के उपर आने की संभावना से वैसे लोग खुश हैं, जिनके घरों का चापाकल पानी उगलना बंद कर रखा है।जल स्तर में सुधार से प्रखंड के कई गांवों में बनी पेयजल की समस्या से जल्द निजात मिलने की संभावना है। हालांकि, इतनी कम वर्षा में भी सकरी नदी में बरसाती पानी आने की संभावना बनी है। अगर नदी में पानी आया, तो पौरा पूर्वी नहर में भी पानी पहुंचने की पूरी संभावना है।

पानी आने के बाद 10 से 15 जुलाई तक कई गांव में धान को रोपनी संभव हो सकेगी।वहीं बरसाती नदियों में पानी आने के बाद ही ताल तलैया में जल संग्रह हो सकेगा। जल संग्रह के बाद ही भूगर्भीय जल स्तर सामान्य हो सकेगा। हालांकि, मानसून की पहली बारिश के बाद अचानक गर्मी से राहत तो मिली है, लेकिन पहली वर्षा कई प्रकार के संक्रमण को साथ लाती है। इसके लिए लोगो को सावधानी बरतने की जरूरत है। इसमें डायरिया, बरसाती बुखार तथा एन्फ्लूएंजा आदि का प्रकोप अचानक बढ़ जा सकती है। वहीं पहली वर्षा के बाद खेत खलिहानों में रहने वाले विषैले जीव जंतु गांव में आबादी की ओर आयेंगे, ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। रात के अंधेरे में रोशनी के साथ चलने एवं पलंग या चौकी पर बिछावन को अच्छी तरह से देख कर सोने की जरूरत है ताकि विषैले जीव जंतुओं के दंश से सुरक्षा हो सके।

गायघाट थाने में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ने नये कानून की जानकारी आमलोगों को दी

लोकतंत्र की आवाज

थाना परिसर में कार्यक्रम का किया गया आयोजन। आगंतुकों ने जाना नये कानून व्यवस्था की प्रमुख विशेष्ताओं को

दीपक कुमार

गायघाट। तीन नये कानूनों के प्रभाव आने के अवसर पर 01 जुलाई 2024 दिन सोमवार को गायघाट थाने में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने कार्यक्रम में उपस्थित आगंतुकों को नये कानूनों की प्रमुख विशेष्ताओं से अवगत कराये।

थानाध्यक्ष ने इन नये कानूनों में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जो एक जुलाई से भारतीय दंड संहिता(क्ढउ),दंड प्रक्रिया संहिता (उ फ ढ उ) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह कार्य करने कि जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित लोगों से नये कानून में पुलिस को सहयोग करने की अपील की। मौके पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

किसान चौपाल में कृषि ज्ञान वाहन के आधुनिक तकनीक से किसान हुए रूबरू

लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। सदर प्रखंड क्षेत्र के दो अलग-अलग पंचायत में खरीफ किसान चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को खेती के विभिन्न तरह के तौर तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। चतुर्थ कृषि रोड मैप के तहत संचालित कृषि ज्ञान वाहन ने बेझाडीह और विष्णुपुर पंचायत मैं किसानों को जागरूक किया और मोटे अनाज की खेती करने की सलाह दी।

किसान चौपाल में बड़ी संख्या में किसान जुट कर लाभ ले रहे हैं।इस दौरान किसानों को खेती से जुड़ी सभी प्रकार की जानकारी दी। किसानों की समस्याओं का समाधान के लिए कृषि विभाग की ओर से प्रदेश के सभी पंचायतों में चौपाल लगाया जा रहा है। उक्त अवसर पर करीब ७० किसानो को समेकित कृषि प्रणाली व क्लस्टर में खेती, श्री अन्न की खेती, धान की खेती, बीज टीकाकरण से लेकर कीट व्याधि पर विशेष प्रकाश डाला गया। साथ ही किसानो की समस्याओं को सुना गया और उनका समाधान किया गया। वहीं किसानों ने छिडकाव पर सब्सिडी का लाभ मिलने से संबंधित कई प्रश्न पूछे गए। वहीं मिट्टी जांच कैसे कराए और कब कराएं तथा उसके लाभ पर भी चर्चा की गई।

बगहा के रतवल बिंदवलिया में प्रस्तावित टेक्सटाइल मेगा पार्क बनाने की भाजपा की शिष्टमंडल ने दिल्ली में केंद्रीय राज्यमंत्री को सौपा ज्ञापन

लोकतंत्र की आवाज

चाणक्य भूमि

बगहा । चौतरवा मंडल अध्यक्ष आशुतोष मालवीय के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल दिल्ली में भारत सरकार के राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे से मिलकर उनके नवदायित्व के लिए गुरुवार को शुभकामना दिया। साथ ही रतवल में प्रस्तावित मेगा टेक्सटाइल पार्क जो ठंडे बस्ते में चला गया है उसको बनाने की मांग के लिए ज्ञापन सौंपा है।

साथ में जिला संयोजक प्रमोद प्रसाद काजू, मंडल महामंत्री मंटू दुबे, पप्पू कुमार राव, नितेश पाठक शामिल रहे। इस दौरान आशुतोष मालवीय ने बताया कि केंद्रीय राज्यमंत्री सतीशचंद्र दुबे को राज्यमंत्री बनने से चंपारण विकास को ओर अग्रसर होगा। और जनता की अपेक्षा भी है। उन्होंने बताया की रतवल के समीप बिंदवलिया में टेक्स्टटाईल मेगा पार्क बनाने के लिए 17 सौ एकड़ भूमि को चिन्हित कर पैमाईस भी कराया गया था।

पूर्व के डीएम ने लगातार प्रस्तावित पार्क के लिए दौड़ा भी किया था। परंतु किसी कारण बस ठंडे बक्से में पड़ गया है। इसे चालू कराने की मांग के लिए सतीश चंद्र दुबे की आवास पर एक ज्ञापन सौपा गया है। ताकि सरकार की ध्यान आकृष्ट हो सके। उन्होंने बताया की एनडीए की सरकार बनने से चंपारण की जनता को एक बार फिर से टेक्स्टटाइल मेगा पार्क की उम्मीद जगी है।

प्रधानाध्यापक के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

बिथान/समस्तीपुर। प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय लरझाघाट के प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार विमल के सेवानिवृत होने पर विद्यालय परिवार की ओर से सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य शिक्षाविद एवं शिक्षक तथा जनप्रतिनिधि आगंतुकों ने सेवानिवृत शिक्षक के लंबे कार्यकाल की सराहना की तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए मिथिला परंपरा के अनुसार अंगवस्त्र, पाग, चादर, माला एवं भारतीय संविधान की पुस्तक के साथ उन्हें सम्मानित किया। विदाई सह सम्मान समारोह के दौरान मौके पर मौजूद समस्तीपुर जिला जनता दल यूनाइटेड पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सह हसनपुर विधानसभा के पूर्व विधायक राजकुमार राय ने कहा की एक शिक्षक का संपूर्ण जीवन काल सामाजिक कल्याण के लिए रहता है समर्पित।

वहीं बिथान प्रखंड की पूर्व प्रखंड प्रमुख विभा देवी ने शिक्षा के मार्ग को सबसे बहुमूल्य मार्ग बताते हुए इस मार्ग पर आगे बढ़ते रहने के लिए एक शिक्षक की मार्गदर्शक के रूप में भूमिका को बहुत महत्वपूर्ण बताया। अपने विदाई सह सम्मान समारोह के अवसर पर सेवानिवृत शिक्षक सह प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार विमल ने राजकीय मध्य विद्यालय लरझाघाट परिवार सहित स्थानीय गणमान्य लोगों एवं सभी शिक्षक साथियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों से अपने सम्पूर्ण सेवाकाल के दौरान मिले अपार स्नेह व सम्मान के लिए उन्हें कोटि कोटि धन्यवाद दिया। मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार राय, हसनपुर विधानसभा के वरिष्ठ राजद नेत्री सह बिथान के पूर्व प्रखंड प्रमुख विभा देवी, बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रदेश स्तरीय नेता रामचंद्र राय, बिथान प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार मिश्र, हसनपुर प्रखंड की प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ.संगीता मिश्रा, सेवानिवृत शिक्षक रत्नेश्वर यादव, रामनारायण राही, कृष्णदेव कौशल, शिक्षक संघ नेता कुमार गौरव, प्रधानाध्यापक सिकंदर बिहारी, मुसहरु पंडित, पंकज कुमार, फुलेंद्र कुमार फुल, अशोक कुमार, संतोष कुमार ठाकुर, शिक्षिका शबाना खातून, रेणु कुमारी, अनिता कुमारी, नूतन कुमारी, पुष्पा कुमारी, संगीता कुमारी, पूनम कुमारी, एमडीएम प्रभारी लाल बाबू दास, जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर चौधरी निषाद, लोजपा(रामविलास) के प्रांतीय नेता सह अधिवक्ता रंजीत यादव, शिक्षक रमेश कुमार, नंदकिशोर यादव, विद्यानंद मुखिया, शशिकांत मिश्रा, चंदन कुमार समेत कई शिक्षक शिक्षिका एवं गणमान्य लोग व विद्यालय के छात्र छात्रा उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें ।

जदयू कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर चिकित्सा प्रदेश उपाध्यक्ष नें जताया हर्ष

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। राज्यसभा सदस्य संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर जेडीयू डीसी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर रमन झा नें हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वे सदैव एक अभिभावक के समान प्यार और स्नेह देने वाले राज्यसभा सदस्य संजय झा जी को जेडीयू का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुने जाने पर पूरे जेडीयू परिवार वरिष्ठ नेता मुख्यमंत्री बिहार नीतीश कुमार का हृदय से आभार जताया। साथ ही कहा कि विश्वास है की आपके सानिध्य में जेडीयू और मजबूत होकर बिहार के विकास की नई गाथा लिखेगा। वही जनता दल यूनाइटेड को नयी उंचाई प्रदान करेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष श्री झा ने कहा कि संजय झा द्वारा अपने मंत्रीत्व काल में जल संसाधन विभाग द्वारा बाढ से वचाव को लेकर जिस प्रकार बेहतर कार्य को अंजाम दिया। साथ ही दरभंगा एयरपोर्ट एवं एम्स अस्पताल निर्माण कार्य से उन्हें विकास पुरुष के रुप मे ख्याति प्राप्त हुई। वही पार्टी संगठन की मजबूती को लेकर शालीनता पूर्वक दिन रात लगे रहे।साथ ही उनकी योग्यता कर्मठता ईमानदारी व लगनशीलता के कारण उन्हे कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौपी है। इस अवसर पर जिला जदयू जिलाध्यक्ष चन्द्रदेव मुखिया सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने हर्ष व्यक्त कर शुभकामना दी।

दिए गए कर्ज को वापस मांगने पर घर में घुसकर की गई मारपीट, मामला दर्ज

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। सदर थाना क्षेत्र के अलीनगर, वार्ड नंबर– 37 निवासी मो इदरीश की पत्नी जैबुन निशा ने अपने ही मोहल्ले के मो राजू, मो तौसीफ, मो नसरुद्दीन सहित आधे दर्जन नामित लोगों के खिलाफ कर्ज में दिए गए रुपए की वापसी की मांग करने पर घर मे घुस कर मारपीट करने, लूटपाट मचाने और धमकी दिए जाने की शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने घर के कई सदस्यों के साथ गंभीर रूप से मारपीट कर घायल किए जाने की भी बातें बताई है। उनकी शिकायत पर सदर थाना में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

साइकिल चोरी के आरोप में हुई युवक की पिटाई

लोकतंत्र की आवाज

एकमा (सारण)। नगर पंचायत एकमा बाजार स्थित एकमा गांव में संचालित एक निजी विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने साइकिल चोरी करने के आरोप में खैरा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी युवक प्रदीप कुमार को एकमा बाजार में ठेले पर वर्फ बेचते समय कुछ लोगों के सहयोग से पकड़ लिया। बताया जाता है कि प्रधानाध्यापक के द्वारा उक्त युवक को विद्यालय में लगे सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर विद्यालय परिसर से साइकिल चोरी करने के आरोप में पकड़ा गया। पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया।

मारपीट की घटनाओं में आठ लोग हुए घायल

लोकतंत्र की आवाज

एकमा (सारण)। आपसी विवाद को लेकर एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुई मारपीट की अलग–अलग घटनाओं में चार महिलाओं समेत आठ लोग घायल हो गए। घायलों में बेनौत गांव की पूजा देवी, शिवरी मठिया गांव की चिंता देवी, मिंटू देवी, रानी कुमारी, अंजली कुमारी, नंदलाल यादव, सोनु यादव, माड़ीपुर गांव के राकेश कुमार सिंह समेत आठ लोग शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच–पड़ताल कर रही है।

चिकित्सकों के सम्मान में हुआ कार्यक्रम आयोजित, नये सीएस ने लिया पदभार

नेशनल डॉक्टर्स डे

अपने फर्ज व जिम्मेदारियों से कभी मुक्त नहीं होते हैं चिकित्सक

लोक तंत्र की आवाज़

अररिया। नेशनल डॉक्टर्स डे के मौके पर चिकित्सकों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिला स्वास्थ्य समिति सभागार में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मियों ने जिले में नव पदस्थापित सिविल सर्जन डॉ केके कश्यम का गर्मजोशी से स्वागत किया.

वहीं स्थानांतरित सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह के सफल कार्यकाल की सराहना करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों ने उनके बेहतर स्वास्थ्य व खुशहाल जीवन को लेकर उन्हें शुभकामना दी. आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों ने चिकित्सकों को पुष्पगुच्छ देकर डॉक्टर्स डे की शुभकामना दी. कार्यक्रम में डीआईओ डॉ मोईज, सीडीओ डॉ वाईपी सिंह, सदर अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ आकाश कुमार, डीपीएम संतोष कुमार, डीएमएनई पंकज कुमार, एसएमसी यूनिसेफ आदित्य कुमार, पिरामल स्वास्थ्य के राजीव कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे.

मानवता की सेवा चिकित्सकों का धर्म : नेशनल डॉक्टर्स डे पर आयोजित कार्यक्रम को सम्मानित करते हुए नव पदस्थापित सिविल सर्जन डॉ केके कश्यम ने कहा कि नेशनल डॉक्टर्स डे देश के प्रसिद्ध चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी व पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉ विधानचंद्र रॉय की जयंती व पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मनाया जाता है. ये दिन मानवता की सेवा में चिकित्सकों की महतवपूर्ण भूमिका व योगदान के प्रति समर्पित है. डॉक्टर्स डे चिकित्सकीय पेशा से जुड़े तमाम कर्मियों को सेवा, समर्पण व निष्ठा पूर्वक मानवता की सेवा संबंधी चिकित्सकीय धर्म के सफल निवर्हन के लिये उन्हें प्रेरित व प्रोत्साहित करता है. सिविल सर्जन के रूप में उन्होंने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी व इसका लाभ जन–जन तक उपलब्ध कराने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की.

कार्यकाल के दौरान गसी अधिकारी व कर्मियों का मिला भरपूर सहयोग : वर्तमान सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने कहा कि स्थानांतरण सरकारी सेवा से जुड़ी एक सामान्य प्रक्रिया है. जिसका उद्देश्य विभिन्न स्थानों पर अपने अनुभव व ज्ञान को साझा करना है। उन्होंने कहा कि वो जहां भी रहेंगे मानवता की सेवा व अपने कर्तव्यों के निवर्हन के प्रति निष्ठावान बने रहेंगे। उन्होंने कहा कि चिकित्सा पेशा से जुड़े तमाम कर्मियों के लिये डॉक्टर्स डे विशेष रूप से महत्व रखता है. ये हमें अपने कर्तव्य व जिम्मेदारियों का बोध कराता है. डॉ सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मियों से मिले सहयोग के प्रति उन्होंने सभी का धन्यवाद किया। उम्मीद जताई कि नव पदस्थापित सिविल सर्जन डॉ केके कश्यप भी अपने अनुभव व नेतृत्व के दम पर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को नई उंचाईयां देंगे।

सांसद सिग्रीवाल ने माथा टेक कर नारद बाबा से लिया आशीर्वाद

लोकतंत्र की आवाज

तरैया (सारण)। प्रखंड के अरदेवा–जिमहा गांव स्थित नारायणी तट के किनारे श्री नारद बाबा के आश्रम पर रविवार की देर संध्या पहुंचे महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने माथा टेक कर मां गंगे व नारद बाबा का आशीर्वाद लिया तथा संत शिरोमणि श्री नारद बाबा जी महाराज का फूल मालाओं से अभिवादन कर अंग वस्त्र से उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान सांसद ने आश्रम के अन्य संतों को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि व यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष ने सांसद को फूल–मालाओं से स्वागत किया एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सांसद सिग्रीवाल ने नारद बाबा का आशीर्वाद प्राप्त कर कहा कि आज के समय में ऐसे त्याग पुरुष संतों के रूप में ही विराजमान है। सनातन की रक्षा के लिए संत समाज हमेशा से अग्रसर रहा है और उन्हीं के बदौलत आज भारत विश्व गुरु बनने के कगार पर है। बताते चले कि आगामी 6 जुलाई से 15 जुलाई तक नारायणी तट के किनारे ग्राम जिमदहा में श्री नारद बाबा के आश्रम पर नव दिवसीय श्री सहस्त्रचंडी महायज्ञ का आयोजन हो रहा है।

- संत और महात्माओं को फूल–माला पहनाकर अंगवस्त्र भेंट कर किया सम्मानित

इसी आयोजन की तैयारी की जानकारी लेने सांसद सिग्रीवाल नारद बाबा के आश्रम पर पहुंचे हुए थे। सांसद सिग्रीवाल ने महायज्ञ के सफल आयोजन की अग्रिम बधाई दी तथा यज्ञ में विशेष रूप से बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने में सहभागिता बताई। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हरिशंकर सिंह, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, मुखिया सुशील सिंह, सांसद प्रतिनिधि संजय सिंह, अरुण चौबे, शशिकांत सिंह, पंकज सिंह चौहान, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

9 माह से न्याय को भटक रहा राजमिस्त्री ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। शहर के इस्लामियां चौक से उत्तर नियामत टोला वार्ड नंबर 15 निवासी मोहम्मद कलाम द्वारा विगत 9 महीना से सैकड़ो आवेदन पत्र देने तथा सपरिवार अनशन धरना पर बैठने के बावजूद अब तक न्याय नहीं मिल पाया है। इस संबंध में मोहम्मद कलाम ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर दोषी लोगों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

मोह म्मद कलाम द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया कि इंजीनियर आशीष कुमार के द्वारा 3 फ्लोर का मकान बनाए जाने को लेकर एग्रीमेंट बनाया गया। एग्रीमेंट के मुताबिक कुल 11 लाख रुपए का एक फ्लोर में काम किया लेकिन दो फ्लोर के काम से मुझे हटा दिया गया। वहीं 11 लाख रुपए की जगह मात्र पांच लाख भुगतान करके मुझे काम से हटा दिया गया। साथ ही मेरा सेटरिंग का सामान भी लूट लिया गया। उन्होंने जिलाधिकारी से उनके द्वारा किए गए काम की मापी करवा कर मेरी उचित राशि दिलवाने की गुहार लगाई है। साथ ही उन्होंने कहा कि उन लोगों द्वारा हिसाब मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। उन्होंने दोनों जगह पर किए कार्य का मापी करवाकर मजदूरी का भुगतान करवाने एवं दोषी लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

भारत के विश्व विजेता बनने पर फारबिसगंज में द अरविन्द स्टोर द्वारा निकाली गई भव्य रैली, जमकर झूमे क्रिकेट प्रेमी

लोक तंत्र की आवाज़

फारबिसगंज। भारत के विश्व विजेता बनने पर फारबिसगंज में द अरविन्द स्टोर द्वारा निकाली गई भव्य रैली, वही, भारत बनाम साउथ अफ्रीका का टी20 वर्ल्ड कप का लाइव प्रसारण शुरू होने के बाद क्रिकेट प्रेमियों में भारत की जीत को लेकर काफी उत्साह नजर आ रही थी।

मैच शुरू होते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर गया था सभी के निगाहें वेस्टइंडीज में हो रहे भारत–साउथ अफ्रीका टी20 विश्व कप पर लगी हुई थी। एक और जहां साउथ अफ्रीका पहली बार विश्व विजेता बनने के लिए मैदान में उतरा था वहीं भारत टी20 वर्ल्ड कप में दूसरी बार अपना परचम लहराने के लिए मैदान पर उतरा था। भारत 2007 में पहली बार टी20 का विश्व विजेता बना था। एक बार फिर भारत विश्व विजेता बना है वही, फारबिसगंज में भारत के विश्व विजेता बनने पर दिवाली जैसा माहौल देखने को मिला चारों ओर आतिशबाजी और भारत माता की जय घोष के नारे सुनने और देखने को मिले। हर कोई भारत की जीत को अपने तरह से मना रहा था। भारत की जीत उस समय हुई जब आधा भारत सो जाता है। लेकिन भारत को वर्ल्ड कप जीतता देखने के लिए पूरे भारत की निगाह टीवी पर टिकी हुई थी। जैसे ही भारत की जीत हुई चारों ओर आतिशबाजी देखने को मिली। फारबिसगंज में भी सड़कों पर युवाओं ने भारत की जीत का जमकर जश्न मनाया। युवाओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई और भारत माता की जय घोष के नारे लगाए।

वही, दूसरे दिन फारबिसगंज शहर में द अरविन्द स्टोर द्वारा भव्य रैली निकाला गया जहाँ शहर के सड़को पर युवाओं ने हाथ में तिरंगा झंडा और वर्ल्ड कप लेकर भारत की जीत का जश्न मनाया और डीजे के धुन पर खूब थिरकते हुए देखे गए। वही, अरविंद स्टोर द्वारा निकाला गया ये जुलूस शहर के विभिन्न चौराहों होते हुए शहर का परिभ्रमण किया वही, इस जुलूस में सैकड़ों के संख्या में युवा मौजूद थे।

नई कार से बरामद हुई 160 लीटर कोडिग युक्त अवैध कफ सिरफ

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। शनिवार की देर शाम सदर थाना अध्यक्ष को मिली गुप्त सूचना के आधार पर स्थानीय हकपाड़ा स्थित त्रिमूर्ति चौक पर खड़ी चमचमाती नई कार को जब्त किया गया। जिन पर सवार दो लोगों को भी गिरफ्त में लिया गया। कार की जांच करने पर उनकी डि– क्की में छिपा कर रखे गए आठ बोरा कोडीनयुक्त अवैध कफ सिरफ बरामद किया गया।

साइबर डीएसपी अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अवैध कफ सिरफ कारोबारी कार से कफ सिरफ की डिलीवरी देने हकपाड़ा स्थित त्रिमूर्ति चौक पहुंचे हैं। सूचना पर सदर थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार के नेतृत्व में एस आई अजय कुमार पासवान एवं सशक्त बल के साथ कार को रोका गया। जिस पर सवार नया बाजार, वार्ड नंबर 12 निवासी – सीताराम यादव के पुत्र संजय कुमार और सदर थाना क्षेत्र के रूपनगरा, वार्ड नंबर 46 निवासी मो कबीर के पुत्र मो सदरुल को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने आगे बताया कि बिना नंबर की नई ब्लू रंग की बलेनो कार की डिक्की खोलने पर उनमें रखें कुल 160 लीटर अवैध कोडिंग युक्त कफ सिरफ बरामद किया गया है। मौके से ही दोनों कारोबारी को गिरफ्त में लिया गया। उनसे पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वे लोग बाहर से कफ सिरफ मंगा कर स्थानीय स्तर पर लोकल कारोबारी को बेचा करते हैं। ऐसे में जब्त कोडिंग युक्त कफ सिरफ को लेकर सदर थाना कांड संख्या 650/24 दर्ज किया गया है। गिरफ्त में लिए गए दोनों कारोबारी को अग्रतर कार्रवाई के लिए जेल भेज दिया गया है।

बेहतर कार्य के लिये स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मियों को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

लोक तंत्र की आवाज़

अररिया। स्वास्थ्य योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बेहतर भागीदारी के लिये जिले के दो प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व चार एएनएम को जिलाधिकारी के हाथों सम्मानित किया गया है। महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने व निष्ठा पूर्वक अपने कार्य व जिम्मेदारी का निवर्हन करने के लिये कर्मियों को ये सम्मान दिया गया है।

इसे लेकर जिलाधिकारी इनायत खान के कार्यालय कक्ष में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने पुरस्कृत कर्मी के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. साथ ही उनके प्रयासों को सराहा. सम्मान प्राप्त करने वाले स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मियों मंख अररिया पीएचसी के प्रभारी डॉ पंकज कुमार, रानीगंज रेफरल अस्पताल के प्रभारी डॉ रोहित कुमार झा, यूनिसेफ के एसएमसी आदित्य कुमार सिंह, अररिया ग्रामीण की एएनएम उषा कुमारी व चित्रलेखा कुमारी, रानीगंज रेफरल अस्पताल में कार्यरत एएनएम संगीता कुमारी व फारबिसगंज ग्रामीण की एएनएम शर्मिला कुमारी का नाम शामिल है.

महिषी में नयी अपराध कानून पर कार्यशाला का आयोजन, अंग्रेजों के बनाये कानून में हुआ संशोधन

लोकतंत्र की आवाज

महिषी सहरसा संवाददाता। भारती मंडण मिश्र धाम, महिषी के प्रांगण में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार वो महिषी थाना के पैनल अधिवक्ता आदित्य ठाकुर के अध्यक्षता में नयी अपराध विधियों पर कार्यशाला आयोजित हुई।

इस कार्यक्रम का संचालन सुजित कुमार के द्वारा संचालित किया गया। जिसमे आदित्य ठाकुर ने बताया आज रात 12 बजे से भारत देश के तीन नई कानून प्रभावी हो जायेगी। जो भारतीय न्याय संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 के नाम से जानी जाऐगी। आज के कार्यशाला में भार–तीय न्याय संहिता, 2023 में सजा देने का प्रावधान है। जो पहले अंग्रेज के बनाए कानून भारतीय दण्ड संहिता, 1860 को सरल बनाते हुए भारतीय न्याय संहिता, 2023 हैं। जिसमे प्रथम में प्रारंभिक है जो धारा 1 से 03 है। द्वितीय में दण्डों के विषय में धारा 04 से 13 है।

जबकि तृतीय में साधारण अपवाद में धारा 14से 33 निर्धारित हैं। वो निजी प्रतिरक्षा के अधिकार के विषय में धारा 34 से 44 तक हैं। चतुर्थ में दुष्प्रेरण, आपराधिक षडयंत्र और प्रयत्न में दुष्प्रेरण के विषय में धारा 45 से 60 हैं। वही आपरा–धिक षडयंत्र के विषय में धारा 61 वो प्रयत्न के विषय में धारा 62 है। पंचम् में महिला और बालक के विरूद्ध अपराधों के विषय में जिसमे लैंगिक अपर–ाधों में धारा 63 से 73 हैं व महिला के विरूद्ध अपराधिक बल और हमलें में धारा 74 से 79 हैं। वो विवाह से संबंधित अपराधों में धारा 80 से 87 गर्भपात, आदि कारित करने में धारा 88 से 92 है वो बालक के विरूद्ध अपराधों में धारा 93 से 99 तक है। षष्टम् में मानव शरीर पर प्रभाव डालने वाले नागराज अपराधों के विषयों में जीवन के लिए संकटकारी अपराधों में धारा 100 से 113 हैं व उपहति मे धारा 114 से 125 हैं वो सदोष अवरोध और सदोष परिरोध में धारा 126 व 127 हैं वो आपराधिक बल और हमलें में धारा 128 से 136 हैं वो व्यपहर– ण, अपहरण, दासत्व और बलात्श्रम में धारा 137 से 146 तक है। सप्तम् में राज्य के विरूद्ध अपराधों में धारा 147 से 158 है। अष्टम् मे सेना नौसेना और वायुसेना से संबंधित है।

सोनवर्षाराज अंचल क्षेत्र में बिना निबंधन के अवैध रूप से संचालित है दर्जनों नर्सिंग होम

लोकतंत्र की आवाज

सोनवर्षा राज सहरसा संवाददाता। प्रखंडों क्षेत्र में 50 से अधिक अवैध रूप से नर्सिंग होम, क्लिनिक एवं पैथोलॉजी का संचालन कर मरिजों का धन व स्वास्थय दोनों की लूट की जा रही है। ये सोनवर्षाराज, फतेहपूर, विराटपूर, काशनगर एवं महुआ बाजार में कुकर– मुत्तों की तरह लगातार फैलता जा रहा है। ये सारा मामला तब जाकर उजागर हुआ

जब पड़ड़िया पंचायत के ललीत यादव ने आरटीआई के माध्यम से क्षेत्रों में वैध रूप से नर्सिंग होम, क्लिनिक एवं पैथ लैब की जानकारी सिविल सर्जन सहरसा से मांगा था। सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा क्षेत्र के जिन 19 नर्सिंग होम, क्लिनिक व पैथलैब की सुची दी गई है उसमें मात्र दो पैथलैब का संचालन वैध रूप से किया जा रहा है। बांकि सारा अवैध व बिना निबंधन के संचालित है। फर्जी तरिके से संचालित नर्सिंग होम, क्लिनिक व पैथलैब के संचालक इतने शक्तिशाली है की स्वास्थय विभाग में उनकी पूरी जन्मकु 'डली होने के बावजूद इनपर कोई कारवाई नहीं की जा रही है। सिविल सर्जन द्वारा उपलब्ध कराए गए सुची में मनौरी चौक स्थित आनन्द हॉस्पिटल एण्ड ट्रामा सेंटर, काशनगर बाजार में अनु नर्सिंग होम, अनु क्लिनिक फतेह–पूर में रश्मी हॉस्पिटल, महुआ बाजार में मनोज कुमार साह द्वारा संचालित मनोज मेडिकल, मेंही डायग्नोस्टिटिक सेंटर, एवं सौरभ ड्रग स्टोर, सोनवर्षा बाजार में डां जी कुमार एवं डां एस प्रियदर्शी द्वारा संचालित डेंटल क्लि– निक, महर्षि मेंही नेत्रालय, डां सुनिता कुमारी द्वारा संचालित हिन्दूस्तान मेडि– को, राजा पैथोलॉजी, नीलम मेडिकल एजेंसी, ममता हॉस्पीटल, अनुकूल क्लिनिक है। ये तो ऐसे अवैध नर्सिंग होम एवं क्लिनक, पैथ लैब है जिसकी जानकारी स्वास्थय विभाग को है। जब– कि इसके अतिरिक्त दर्जनों नर्सिंग होम, क्लिनिक व पैथ लैब है जिसकी जानकारी भी स्वास्थय विभाग को नहीं है।

जाहिर है परचून की दुकान की तरह खोले जा रहे अवैध नर्सिंग होम, क्लि– निक व पैथ लैब में किस तरह मरीजों का शोषण किया जाता होगा वो कल्पना से परे है। जिलाधिकारी वैभव चौधरी ने अंचलाअधिकारी को अंचल अंतर्गत बीते 28 जुन को निर्देश दिया था। अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर निजी क्लीनिक लैब के विरूद्ध छापामारी अभियान के निर्देश दिए थे।

संक्षिप्त खबरें ।

भारतीय स्टेट बैंक ने अपने 69वें स्थापना दिवस और चिकित्सक दिवस पर एम्स देवघर के प्रांगण में वृक्षारोपण किया

लोक तंत्र की आवाज़
देवघर। भारतीय स्टेट बैंक के 69वें स्थापना दिवस एवं चिकित्सक दिवस के अवसर पर एम्स देवघर के प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर एम्स के डायरेक्टर डॉ. सौरभ वर्शने,डिप्टी डायरेक्टर अमरेन्द्र कुमार और डीन एकेडमिक्स डॉ. हरमिंदर सिंह को पुष्पगुच्छ एवं शाल से सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारतीय स्टेट बैंक के उपमहाप्रबंधक अभिजीत गणपतराव पांगरेकर और क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशांत कुमार झा ने प्रदान किया।एम्स प्रबंधन ने इस पहल की सराहना की और कहा कि स्टेट बैंक का यह वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है। भारतीय स्टेट बैंक अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत वृक्षारोपण, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पहल कर रहा है। चिकित्सक दिवस पर एम्स के डॉक्टरों को भी सम्मानित किया गया। अभिजीत गणपतराव पांगरेकर ने कहा कि डॉक्टर समाज के हीरो हैं, जो लोगों का जीवन बचाते और बेहतर बनाते हैं।इस प्रकार,भारतीय स्टेट बैंक ने अपने 69वें स्थापना दिवस और चिकित्सक दिवस को यादगार बनाया।इस मौके पर मुख्य प्रबंधक एम्स शाखा कुमार अविनाश,मुख्य प्रबंधक ब्रजेश सहाय और उपप्रबंधक जयनारायण मिश्रा एवं अन्य उपस्थित थे।

प्रेम प्रसंग में झोलाछाप डॉक्टर की हत्या,मामले में पुलिस ने तहकीकात शुरूकर दिया

लोकतंत्र की आवाज
संवाददाता,अरविंद अग्रवाल
छतरपुर पलामू । छतरपुर थाना क्षेत्र में एक झोलाछाप डॉक्टर की एक नर्स ने हत्या कर दी है. झोलाछाप डॉक्टर और नर्स शादीशुदा थे और दोनों एक दूसरे से प्रेम करते थे. दोनों एक दूसरे के साथ छतरपुर में किराए के मकान में रहा करते थे. झोलाछाप डॉक्टर की हत्या करने के बाद नर्स भाग गई थी. पुलिस ने आरोपी नर्स को पकड़ लिया है. घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पूरे मामले में छानबीन की तो चौंकाने वाली बात निकलकर सामने आई. जिसके बाद पुलिस ने आरोपी नर्स को गिरफ्तार कर लिया.0 झोलाछाप डॉक्टर अनुज कुमार यादव नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ललगड़ा का रहने वाला था. छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम ने बताया कि आरोपी नर्स को मेदिनीनगर के इलाके से गिरफ्तार किया गया है. नर्स ने ही झोलाछाप डॉक्टर की हत्या की है. पुलिस पूरे मामले में आगे की जांच कर रही है. प्रेम प्रसंग में घटना को अंजाम दिया गया है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है.

तीन नए कानून के बदलाव को लेकर कार्यशाला आयोजित

लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख, साहिबगंज। भारत वर्ष में आज से लागू हो रहे तीन नए कानून 2023 के संबंध में मंडल कारा, साहेबगंज में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, साहेबगंज धर्मेन्द्र कुमार एवं काराधीक्षक चन्द्रशेखर प्रसाद सुमन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने कार्यशाला के माध्यम से आज से लागू हो रहे तीनों नए कानून के विषय पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में जिला बार एशोशिएशन साहेबगंज के अध्यक्ष प्रेमनाथ तिवारी, मुख्य छअऊ अरविन्द गोयल, सभी सहायक छअऊ के द्वारा भी नये कानून के विषय पर विस्तृत जानकारी दी ।इस कार्यशाला में पुरूष एवं महिला बंदी एवं कारा कर्मी उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की स्थापना दिवस के अवसर पर हिंदू महासम्मेलन

लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह झारखंड। 30 जून 2024 का दिन स्थान श्री श्याम मंदिर तथा ओजस्वी भाषणों का दौरा राष्ट्रीय बजरंग दल, राष्ट्रीय छात्र परिषद ओजस्विनी, राष्ट्रीय महिला परिषद राष्ट्रीय मजदूर परिषद राष्ट्रीय किसान परिषद ,राष्ट्रीय व्यापार परिषद को अपने में समेटे अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद जिसने अपनी मांगों के अंतर्गत कुछ बातें रखी जिसमें काशी मथुरा भव्य संपूर्ण मंदिर जनसंख्या नियंत्रण कानून बांग्लादेशी मुसलमान को भारत से बाहर किया जाए देश में महिला सुरक्षा हो छात्र युवाओं के भविष्य पर सरकार एवं समाज ध्यान दें अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद का गिरिडीह जिला में हिंदू महासम्मेलन आयोजित करना चुप्पी मारकर झुपकी ले रहे हिंदू सनातनी समाज के लोगों को नींद से जागने की कोशिश है।

इनर व्हील क्लब ऑफ बाबाधाम ने वर्ष 2024-25 के नए सत्र की शुरूआत पर वृक्षारोपण किया

लोकतंत्र की आवाज

देवघर। इनर व्हील क्लब ऑफ बाबाधाम ने आज अपने नए सत्र 2024–25 की शुरुआत के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण अभियान तथा ग्रीन मैराथन का आयोजन किया। इस अभियान का नेतृत्व क्लब की नई अध्यक्ष निधिराज और सचिव रीमा केशरी ने किया।आज क्लब ने राजकीय कन्या मध्य विद्यालय में 15 पौधे लगाकर पौधारोपण की शुरुआत की और आगे भी करते रहेंगे।

आज पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीपीओ रमेश कुमार झा ,बीओ अमंदा कुमारी,एपीओ संजय कुमार,एडीपीओ अलका कुमारी तथा विद्यालय की प्राचार्य शोभा राय ने पौधारोपण कर बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।इस मौके पर,अध्यक्ष निधिराज ने कहा, वृक्षारोपण हमारी जिम्मेदारी है और हम सभी को अपने पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए आगे आना चाहिए। यह अभियान न केवल हमारे शहर को हरा–भरा बनाने का प्रयास है,बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में भी एक कदम है।₹सचिव रीमा केशरी ने वृक्षारोपण अभियान की सफलता के लिए सभी सदस्यों और उपस्थित लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा, ₹इस सत्र की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण के साथ करना हमारे क्लब के उद्देश्य को दर्शाता है। हम आगे भी ऐसे कई अभियानों का आयोजन करेंगे जिससे समाज और पर्यावरण को लाभ हो।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में विद्यालय की बच्चियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाए जैसे मोरिंगा,सहजन पपीता हिबिस्कस इत्यादि।क्लब की ओर से सभी प्रतिभागियों को वृक्षारोपण के महत्व और पेड़ पौधों की देखभाल के बारे में जानकारी दी गई।विद्यालय की छात्राओं ने पर्यावरण जागरूकता के लिए सुंदर पोस्टर भी बनाया तथा बेहतरीन स्लॉगन्स भी लिखकर लायी थी।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष निधिराज ,सचिव रीमा केशरी ,आईएसओ अमृता छावछारिया तथा जूही एवं अलका कुमारी का विशेष सहयोग रहा ।

विष्णुगढ़ थाना के पुणः पदस्थापित थाना प्रभारी रामनारायण सिंह का जोरदार किया गया स्वागत

लोकतंत्र की आवाज़

निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
विष्णुगढ़(हज़ारीबाग)। थाना प्रभारी के रूप में पुनः विष्णुगढ़ की जनता को रामनारायण सिंह मिले, इस खुशी में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दल समाजसेवी प्रतिनिधियों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कुछ माह पूर्व चुनाव मुद्दा को लेकर स्थानांतरण किया गया था।जो आज पुनः विष्णुगढ़ थाना में नए थाना प्रभारी के रूप में पदस्थापित हुए। जिससे प्रखंड क्षेत्र के लोग काफी खुशी और उत्साहित दिखे।

थाना प्रभारी ने फिर एक बार पुणः विष्णुगढ़ के थाना प्रभारी बने जाने पर अपने आप को सौभाग्यशाली माना साथ ही कहा विष्णुगढ़ की जनता ने मुझे बहुत प्यार दिया , विष्णुगढ़ की जनता में एक और खास बात देखी गई की किसी भी स्थिति में सहयोग की भावना रखते हैं, जिस कारण न्याय व्यस्था बनी रहती है।इसी वजह से मुझे पुनः विष्णुगढ़ की धरती ने बुला लिया। मौके पर मांडू विधानसभा प्रभारी युवा नेता गौरव पटेल, गैड़ा पंचायत समिति सदस्य मेहताब हुसैन, जदयू प्रखंड अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता,झारखण्ड संघर्ष मोर्चा विष्णुगढ़ (हजारीबाग)संयोजक, नीलू तूरी, उप प्रमुख सरजू साव, पत्रकार विनय पाठक, समाजसेवी हरि यादव, इत्यादि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दल समाज से जनप्रतिनिधि ग्रामीण लोगों ने बधाई दी है।

प्रबल गर्ग ने 24 वें डीएफओ के रूप में ग्रहण किया पदभार

लोक तंत्र की आवाज़

साहिबगंज। ज़िले के नए डीएफओ प्रबल गर्ग ने सोमवार को वन प्रमंडल कार्यालय स्थित डीएफओ कक्ष में निवर्तमान डीएफओ मनीष तिवारी से पदभार ग्रहण किया। प्रबल गर्ग ज़िले के 24वें डीएफओ बने। इसके पूर्व निवर्तमान डीएफओ मनीष तिवारी ने बुके देकर नए डीएफओ का स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद नए डीएफओ प्रबल गर्ग ने बताया कि वन व वन प्राणियों,गंगेटिक डॉल्फिन का संरक्षण उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

डॉक्टर के.एस सिद्धू को मिले पद्म सम्मान पर खुशी जाहिर करते हुए-प्रीतम भाटिया AISMJWA के राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश सचिव ने किया उन्हें सम्मानित

लोकतंत्र की आवाज

अनेक बिहारी खेमका
जमशेदपुर। आज डॉक्टर्स डे पर पत्रकारों की अग्रणी संस्था ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वैलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले कोल्हान में चर्चित जमशेदपुर के प्रसिद्ध वयोवृद्ध चिकित्सक डॉ कृपाल सिंह सिद्धू को सपरिवार सम्मानित किया गया है.इस अवसर पर ऐसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव प्रीतम सिंह भाटिया और प्रदेश सचिव देवेंद्र सिंह ने डॉ सिद्धू के जमशेदपुर आवास पहुंचकर ऐसोसिएशन की ओर से विशिष्ट सेवा सम्मान का प्रतीक चिन्ह देकर उनसे मानव सेवा का आशीर्वाद लिया.

बताते चलें डॉक्टर सिद्धू जमशेदपुर ही नहीं पूरे कोल्हान में गरीबों की सेवा के लिए चर्चित हैं.अपने जीवन काल में

89 वर्षीय डॉक्टर सिद्धू ने 25 हजार निः शुल्क ऑपरेशन और एक लाख लोगों को फ्री दवाईयां बांटी होंगी.इसके साथ ही उन्होंने हजारों पुलिसकर्मी,सेना के जवानों,पत्रकारों सहित अन्य कई वर्ग के लोगों का निःशुल्क ईलाज किया है.आज इस मौके पर डॉ सिद्धू की पत्नी किरणजीत कौर,भोपाल से आई उनकी बड़ी बेटी नीना बिंद्रा,यूपी से आई उनकी छोटी बेटी प्रिती बिंद्रा,बहू मनप्रीत सिद्धू और सहायक विनय कुमार भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर ऐसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव प्रीतम सिंह भाटिया ने कहा कि देश में डॉ केएस सिद्धू जैसी महान हस्तियों को पद्म सम्मान से नवाजा जाना चाहिए लेकिन देश का दुर्भाग्य है कि 10 वर्ष पहले उठी इस मांग पर अब तक कुछ नहीं हुआ.उन्होने कहा कि सरकार में मंत्री,सांसद और विधायक रह चुके दर्जनों?? जनप्रतिनिधि डॉ सिद्धू से लाभान्वित हुए होंगे लेकिन किसी ने भी इस पर ठोस पहल नहीं की है ।

सावधानियां बरतें और मदद करें—डॉ.सिद्धू: एक सवाल के जवाब में डॉक्टर सिद्धू ने कहा कि कोरोनाकाल के बाद लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सावधानियां बरतने के साथ ही हमेशा जरूरतमंद लोगों की मदद करनी चाहिए

सेवानिवृत्ति पर उपायुक्त के आदेशपाल को दी गयी विदाई

लोकतंत्र की आवाज

संवाददाता अरविंद अग्रवाल
छत्तरपुर पलामू, मेदिनीनगर। उपायुक्त कार्यालय पलामू के आदेशपाल नंदलाल प्रसाद गुप्ता को उनके सेवानिवृत्ति पर आज विदाई दी गयी।समाहरणालय के सभागार में आयोजित विदाई समारोह में उपायुक्त शशि रंजन ने नंदलाल प्रसाद गुप्ता के उज्जवल भविष्य की कामना की।उनकी सेवानिवृत्ति पर बधाई देते हुए कहा कि श्री गुप्ता ने 16 साल से अधिक ईमानदारी पूर्वक अपने कार्य–दायित्वों का निर्वहन किया।

इस दौरान करीब एक वर्ष श्री गुप्ता मेरे साथ कार्य किये।हंसी–खुशी सफर को पूरा किया।लगन और उत्साह के साथ कार्यों को पूरा किया।उन्होंने भरोसा किया किया कि उनके अनुभव का लाभ कार्यालय के अन्य कर्मियों को मिलता रहे।उन्होंने कहा कि रिटायरमेंट के बाद बहुत सारी यादें रह जाती हैं।हमारे जिंदगी में कहीं न कहीं ऑफिस समाहित हो जातीं हैं।यहां से इनका एक नया पड़ाव प्रारंभ होगा।उपायुक्त श्री रंजन ने उनके बेहतर सेवाकाल व आगामी भविष्य में उनके बेहतर स्वास्थ्य लाभ की कामना की।वहीं श्री गुप्ता ने अपने सेवाकाल में सहयोग करने को लेकर सभी को धन्यवाद दिया।इस अवसर पर जिले के विभिन्न पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में लिपिक व अनुवेसक उपस्थित रहे।ज्ञातव्य है कि उपायुक्त के आदेशपाल 16 साल से अधिक डीसी कार्यालय में रहे।वर्ष 2008 में इनकी सेवा को नियमित किया गया जबकि इसके पूर्व श्री गुप्ता इसी कार्यालय में दैनिक मज़दूरी पर कार्यरत थे।

चतरा लोकसभा में पिछले तीन चुनावों से बेहतर प्रदर्शन का श्रेय इंडिया अलायंस को कम और बीजेपी को ज्यादा जाता है : मुस्लिम बुद्धिजीवी

लोकतंत्र की आवाज़

निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
चतरा (झारखंड)। चतरा सर्किट हाउस में कांग्रेस पार्टी की एक अहम बैठक हुई.बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी की हार की समीक्षा की गयी. बैठक की अध्यक्षता पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सह चुनाव परिणाम कमेटी प्रदीप कुमार बलमुचो ने की। इस मौके पर समीक्षा समिति के सदस्य भीम कुमार, सुलतान अहमद और लोकसभा प्रत्याशी कृष्णानंद त्रिपाठी के अलावा कांग्रेस पार्टी के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए.

इंडिया अलायंस के चतरा लोकसभा प्रत्याशी केएन त्रिपाठी थे. केएन त्रिपाठी ने 2009, 2014 और 2019 के लोकसभा में कांग्रेस के नतीजों से बेहतर प्रदर्शन किया। इसके बावजूद उनकी हार हुई। इस बेहतर

> आज राजनीतिक स्तर पर मुसलमानों के हाशिए पर जाने के लिए गैर–भाजपा राजनीतिक दल और पार्टियाँ जिम्मेदार हैं

प्रदर्शन का श्रेय कांग्रेस के प्रतियाशी केएन त्रिपाठी या इंडिया अलायंस को कम और बीजेपी को ज्यादा जाता है। मुस्लिम बुद्धिजीवियों के अनुसार, आज राजनीतिक स्तर पर मुसलमानों के हाशिए पर जाने के लिए गैर–भाजपा राजनीतिक दल और पार्टियाँ जिम्मेदार हैं. बुद्धिजीवियों के मुताबिक मुसलमानों को किसी धर्म, जाति और क्षेत्र का राजनीतिकरण करने में कोई आपत्ति नहीं है.

बुद्धिजीवियों के मुताबिक अगर 2014 में मोदी का सबका साथ विकास और 2019 में सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास का नारा के साथ सबको समान न्याय जोड़ कर लागू होता तो निश्चित तौर पर मुसलमानों का झुकाव सबसे ज्यादा बीजेपी की तरफ होता. चूंकि मुसलमानों ने गैर बीजेपी पार्टियों को वोट देकर आजमा चुके हैं।लेकिन बीजेपी ऐन चुनाव के मौके पर मुसलमानों के खिलाफ बयानबाजी करके गैर बीजेपी पार्टियों को वोट करने के लिए मुसलमानों को मजबूर कर देती है। इसके बावजूद मुस्लिमों को कुछ फीसदी वोट बीजेपी को मिलते हैं, इससे बीजेपी भी इनकार नहीं करती है, चतरा में बीजेपी के निर्वाचित सांसद कालीचरण सिंह को शहरी और ग्रामीण इलाकों में मुस्लिम वोट मिले हैं. इससे इंकार की गुंजाइश नहीं है।

गिरिडीह जिला शिक्षा अधीक्षक ने भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी वाहन को हरी झंडी दिखाई

उपयुक्त श्री नमन प्रेस लकड़ा के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधीक्षक ने समाहरणालय परिसर से भ्रमणशी विज्ञान प्रदर्शनी वहां को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

लोकतंत्र की आवाज

विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह झारखंड। 01 जुलाई 2024:– दिनांक 1 जुलाई से 31 जुलाई तक राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद कोलकाता के द्वारा भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इसी के निमित्त उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार आज जिला शिक्षा अधीक्षक व समग्र शिक्षा अभियान के पदाधिकारी के द्वारा समाहरणालय परिसर से भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी वाहन को हरी झंडी

दिखाकर रवाना किया गया। यह प्रदर्शनी एक बस में स्थित होगा जो जिले के सैनिक नो विद्यालयों में दिनांक 1 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रत्येक विद्यालय में तीन दिनों तक प्रदर्शनी का आयोजन करेगा उक्त प्रदर्शनी ट्रूँल्ली२ ल्ल ऊं८ छ्रत्री विषय पर आधारित है ' आज जिला शिक्षा अधीक्षक एवं समग्र शिक्षा के पदाधिकारी के द्वारा भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी बस को हरी झंडी दिखाकर जिला समाहरणालय गिरिडीह से रवाना किया गया।

मंत्री सत्यानंद भोगता चतरा प्रवास के दौरान कान्हाचट्टी और कुंदा में करोड़ों रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया

लोकतंत्र की आवाज़

निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
चतरा(झारखंड)। झारखंड के कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोगता आज चतरा प्रवास के अवसर पर जिले के कान्हाचट्टी और कुंदा प्रखंड मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. कान्हाचट्टी में एसडीओ सुरेंद्र उरांव और कुंदा प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार ने पुष्प अर्पित कर उनका स्वागत किया। दोनों प्रखंड कार्यालयों में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के स्वीकृति पत्र के साथ करोड़ों रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया.

मंत्री सत्यानंद भोगता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार काफी संवेदनशील है. गरीबों के लिए सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाएं चला रहे हैं। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार का लक्ष्य है।

इस अवसर पर योग्य लाभुकों के बीच अबुवा आवास, सर्वजन पेंशन योजना, श्रम विभाग निबंधन कार्ड, जॉब कार्ड, छात्रवृत्ति योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का स्वीकृति पत्र एवं करोड़ों रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. उक्त कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष बृज किशोर तिवारी सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें ।

युवाओं ने ढोल ताशा के साथ बारिश के पानी में नहाते नजर आए

लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। सोमवार को भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड में बारिश होने से आम लोगों ने गर्मी से कुछ राहत महसूस कर रहे हैं। बारिश से पहले तेज हवा के साथ–साथ बारिश हुई। इस तेज बारिश में युवाओं ने ढोल ताशे के साथ मस्ती करते हुए ।बारिश के पानी में नहाते नजर आए। जबकि इस भीषण गर्मी से लोग काफी परेशान थे। जबकि क्षेत्र में काफी संख्या में युवाओं एवं बुजुर्गों ने इस बारिश के पानी में नहाते हुए खूब आनंद लिया। चेहरे पर मुस्कान नजर देखने को मिल रहे थे। जबकि गली कूचे में पानी जमा हुआ है। ग्रामीण मोहम्मद सोनू, मोहम्मद अल्ताफ राजा उर्फ़ सद्दाम, मोहम्मद सबदर, मोहम्मद चांद, मोहम्मद जैद, मोहम्मद शाहबाज ,मोहम्मद रहमत मोहम्मद जाफरान एवं अन्य युवाओं ने कहा कि इस कराके की गर्मी से इस बारिश में हम सभी ने कुछ राहत पाया है बारिश होना बहुत जरूरी था।

शराब के विरुद्ध नइकी गांव में किया छापामारी ,500ली जावा महुआ विनष्ट

लोकतंत्र की आवाज
सुनील कुमार मिश्र(मगध ब्यूरो)

औरंगाबाद। जिले के रफीगंज पुलिस ने शराब के विरुद्ध नईकी गांव में इंदल चौधरी उर्फ लोथा चौधरी के घर छापामारी कर 22 लीटर महुआ देशी शराब बरामद किया।साथ ही घर के आगे गड़ा में करीब 150 ली जावा महुआ विनष्ट किया गया।वहीं इसी गांव संजय चौधरी एवं बुट्टा चौधरी के सामने से क्रमशः करीब 200ली एवं150ली गड़ा हुआ जावा महुआ को विनष्ट किया गया।जप्त महुआ देशी शराब थाना लाया गया।और तीनों को नामजद आरोपी बनाते हुए रफीगंज थाना में प्रथमिकी दर्ज किया गया।प्रशिक्षु एसडीपीओ चंदन कुमार ठाकुर ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर तीनों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।इस अभियान में एसआई कुशो कुमार, वर्षा कुमारी, गीतांजलि कुमारी, ध्रुव कुमार, विनोद कुमार पुलिस बल एवं चौकीदार का टीम शामिल रहे।

नवादा और हिसुआ नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी बदले गये

सुनील कुमार

नवादा। जिले के दो नगर परिषद क्षेत्रों हिसुआ व नवादा के कार्यपालक पदाधिकारियों का तबादला कर दिया गया है। नगर विकास विभाग के 192 पदाधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। इसकी जद में आए नगर परिषद नवादा के कार्यपालक पदाधिकारी ज्योत प्रकाश को उप नगर आयुक्त, नगर निगम गया बनाया गया है। वहीं नगर परिषद हिसुआ के कार्यपालक पदाधिकारी जय कुमार को उप नगर आयुक्त दरभंगा बनाया गया है। नगर परिषद सुपौल के कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार शर्मा नवादा के कार्यपालक पदाधिकारी बनाए गए हैं। वहीं नगर पंचायत कटोरिया के कार्यपालक पदाधिकारी अतीश रंजन नगर परिषद हिसुआ के कार्यपालक पदाधिकारी होंगे।

पेड़ से टकराया अनियंत्रित वाहन, सवार घायल

लोकतंत्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। जिले में दुर्घटना की खबर आम हो गई है जिसमें अधिकतम लोगों की मृत्यु देखी जा रही है।वही एक घटना पीरपैंती प्रखंड स्थित ब्लॉक एवं थाने को जोड़ने वाली सड़क के मध्य हुआ ।जहां शेरमारी की तरफ से दुलदुलिया जा रहे चार चक्का वाहन तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित हो रोड़ के बगल में पेड़ से टकरा खाई में जा गिरी।राहगीरों द्वारा इसकी सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को दी। घायल को तत्काल पीरपैंती रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, वहीं उपास्थित चिकित्सक डॉ जीतू कुमार ने बताया की अजीत कुमार (उम्र 50वर्ष) पिता कृष्ण कुमार ग्राम पकड़िया जिला कटिहार निवासी ,एवं सुजीत कुमार (उम्र50 वर्ष) पिता नारद राम पीरपैंती सादिकपुर निवासी, को त्वरित उपचार के उपरांत मायागंज रेफर असपताल रेफर किया गया है।साथ ही नागेश्वर कुमार पिता वकील मंडल, सहित पांच वर्षीय सार्थक कुमार, पिता बबन कुमार, वाहन में सवार, को हल्की चोट आई है उनका भी उपचार किया गया।

बेनीबाद थाना पर नए आपराधिक कानून को लेकर किया जागरूक

लोकतंत्र की आवाज

दीपक कुमार

गायघाट । नए आपराधिक कानून को आम नागरिक के बीच केन्द्रित बनाने को लेकर पुलिस ने सकारात्मक पहल की है। सोमवार को बेनीबाद थाना परिसर पर जागरूकता अभियान के साथ जनप्रतिनिधि राजनितिक दल के साथ संवाद स्थापित कर न्याय व कानून प्रणाली से आम लोगों को अवगत कराया गया।बेनीबाद थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्र गान के बीच तीन नए आपराधिक कानून पर विशेष रूप से चर्चा कर डिजिटल तकनिकी की जानकारी दी। उन्होंने कहा नए आपराधिक कानून की धाराओं के अनुसार केस दर्ज करने की प्रशासनिक तैयारी थाना स्तर से करली गई है। पीनल कोड (आइपीसी) की जगह पहली जुलाई सोमवार से नए आपराधिक कानून के तहत थाना में प्राथमिकी दर्ज होंगे।

पहली जुलाई से नए आपराधिक कानून की धाराओं के अनुसार केस दर्ज करने की प्रशासनिक तैयारी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि थाना स्तर के सभी पदाधिकारी और अनुसंधानकर्ता को नए कानून का प्रशिक्षण पूरा हो गया है। तीन नए कानून पहली जुलाई से प्रभावी करने को लेकर आम लोगों के बीच सजगता की आवश्यक्ता है। नये प्रावधान के अनुसार इंडियन पीनल कोड (आइपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) क्रिमिनल प्रोसिजर कोड(सीआरपीसी) के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की गई है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएन एस एस)और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएगा।पुलिस की जांच प्रक्रिया व कोर्ट ट्रायल में अब बदलाव होगा। हत्या मामले में आइपीसी की धारा 302 की जगह अब 103 बीएनएस एवं दुष्कर्म में 376 की जगह 64 बीएन एस लगाई जाएगी।

पहली जुलाई से इस तरह का मुकदमा नए कानून के तहत ही अनुसार दर्ज होगा। पूर्व से दर्ज सभी केसों की जांच और न्यायलय में सुनवाई पूराने कानून व प्रावधान के अनुसार होगा। मालूम हो कि आपीसी में 511धाराएं थी।जिन्हें नए कानून बीएनएस में घटाकर 358 कर दिया गया है। नए कानून के तहत अब फरियादी किसी भी थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकते हैं। क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम के चरणों का डिजिटल रूपांतरण किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज प्रस्तुत करना और ट्रायल शामिल है। पीड़ित ई–ब्यान दे सकते हैं। साथ ही डिजिटल माध्यम से गवाहों अभियुक्तों,विशेषज्ञों और पीड़ितों की उपस्थिति के लिए ई एपपीयरेंस की शुरुआत की गई है। अदालतों में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को फिजिकल एविडेंस के बराबर माना जाएगा। मौके पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि समेत कई लोग उपस्थित थे।

एसडीपीओ के नेतृत्व में थाना परिसर में नए आपराधिक कानून को लेकर की गई बैठक,जनप्रतिनिधिगण हुए शामिल

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। थाना परिसर में सोमवार को एसडीपीओ गुलशन कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण की बैठक की गई। बैठक में थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार के अलावे थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के मुखिया एवं सरपंच समेत अन्य जनप्रतिनिधिगण शामिल रहे।एसडीपीओ ने बताया कि तीनों नए कानूनों के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया गया।

एसडीपीओ ने तीनों नये कानूनों भारतीय न्याय संहिता,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम में महत्वपूर्ण बदलावों के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि नये कानून आम लोगों की सुविधा के लिए बनाये गये हैं।वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि आज से आईपीसी अर्थात इंडियन पब्लिक कोड में बदलाव किया गया है।अब बीएनएस अर्थात भारतीय न्याय संहिता के लागू होने पर नए कानून की कई धाराओं में मामले दर्ज किए जाएंगे।गंभीर अपराध, धोखाधड़ी, बलात्कार, महिला उत्पीड़न की धाराओं में परिवर्तन किया गया है।

वहीं मारपीट संबंधी प्रकरण,महिला व विवाहित महिला संबधित अपराध,चोरी व लूट संबधित अपराध,डकैती, सड़क दुर्घटना,बालक संबधित व अन्य अपराध संबधित धाराओं के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दिया गया।बैठक के दौरान लोगों के प्रश्नों का जवाब एसडीपीओ एवं थानाध्यक्ष द्वारा दिया गया। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि बब्लू यादव,हरदिया पंचायत मुखिया पिन्टू साव सहित दर्जनों जनप्रतिनिधिगण व पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

गैंगरेप पीड़ित महिला से मिले जिला परिषद शिष्ट मंडल

लोकतंत्र की आवाज

सुनील कुमार मिश्र,(मगध ब्यूरो)

औरंगाबाद। रेप पीड़ित कासमा थाना क्षेत्र के कांडी गांव की एक विधवा महिला से जिला परिषद सह राजद नेता शंकर यादवेंदु शिष्ट मंडल के साथ मिले।और पूरे घटना की जानकारी लिया।साथ ही यह भी जानकारी लिया कि अब तक इस मामले में पुलिस कार्रवाई कहां तक हुई।

शंकर यादवेंदु ने बताया कि घटना के बाद से महिला का अज्ञात जगह पर पुलिस प्रशासन के देख रेख इलाज किया जा रहा था। पीड़ित के घर पहुंच ग्रमीणों से पूरी जानकारी ली गयी है।इस दौरान पुलिसिया विफलता पर सवाल खड़ा किया। घटना के एक सप्ताह बाद भी पुलिस खाली हांथ है।अभी तक अपराधी पुलिस के शिकंजे से दूर है। उन्होंने महिला को मुआवजा, सरकारी नौकरी देने, की मांग बिहार सरकार से किया है।साथ हीअपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ कर कड़ी कार्रवाई कर स्पीडी ट्रायल चलाकर फांसी की सजा दिवाये।शिष्टमंडल में पैक्स अध्यक्ष श्रवण यादव,राजद पंचायत अध्यक्ष संजय यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।

जेपी आंदोलन के बाद एक बार फिर बड़े बदलाव की जरूरत : अजय शरण

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। जन सुराज के जरिए बिहार की राजनीति में प्रशांत किशोर का आगमन एक बड़े और आंदोलनकारी राजनीति की शुरुआत है। जिस बेबाकी और बुनियादी सोच के साथ जन समस्याओं को सामने लाते हैं, यह प्रशांत किशोर का अंदाज बिहार जनमानस को छू जाता है। लिहाजा आज लाखों की संख्या में इनके चाहने वाले हैं।

यह बातें सोमवार को नवादा के रजौली अनुमंडल मुख्यालय में प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल के समीप 3डी क्लासेस कैंपस में आयोजित एक विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रखर समाजवादी अजय शरण जी ने कही। इन्होंने जेपी आंदोलन की चर्चा करते हुए कहा कि बिहार को एक बार फिर राजनीतिक बदलाव की जरूरत है। बिहारी जनमानस अवसाद से ग्रसित हो गया है। इससे निकलने के लिए प्रशांत किशोर की राजनीतिक तत्परता और सूझबूझ निहायत ही सराहनीय प्रयास है। जरूरत आम जनमानस को इनके साथ होने की है। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए रमाशंकर उर्फ गप्पू सिंह ने कहा कि प्रशांत किशोर जिस भावना के साथ बिहार की समस्याओं को लेकर निकले हैं इसके समाधान के लिए हमें उनके कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। यही इसके समाधान का बेहतर तरीका है।

कार्यक्रम को मथुरासिनी इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य आनंद देव पांडेय ने भी संबोधित किया। इन्होंने कहा कि बिहार इन दिनों शैक्षणिक अराजकता से गुजर रहा है। इससे निपटने के लिए छात्रों को आंदोलित होने की जरूरत है। तभी बिहार के हर क्षेत्र में बदलाव संभव है।

- जन सुराज विचार मंच के बैनर तले रजौली अनुमंडल के लोगों ने रखी अपनी बात, कहा– बिहार की राजनीति में प्रशांत किशोर अपरिहार्य

कार्यक्रम की शुरुआत जन सुराज के जिला मीडिया प्रभारी व जन सुराज विचार मंच के जिला संयोजक अजय कुमार की देखरेख में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखर समाजवादी अजय शरण ने की। कार्यक्रम में दर्जनों की संख्या में उपस्थित पुरुष व महिलाओं ने जन सुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर के बारे में दी गई जानकारी को सुना और जनसुरज के उद्देश्यों व समाज के कल्याणकारी कार्यों में जन चेतना को जागृत करने जैसे कार्यों की सराहना की।

सीडीओ ने तिलक लगाकर व दुलार–प्यार से बच्चों को विद्यालय में कराया प्रवेश

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

बलिया। शैक्षणिक वातावरण एवं बच्चों के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से शासन की ओर से निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर (हनुमानगंज) पर बच्चों का स्वागत कार्यक्रम हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे सीडीओ ओजस्वी राज ने सभी बच्चों को बक़ायदा तिलक लगाकर व बड़े दुलार–प्यार से विद्यालय में प्रवेश कराया। उसके बाद शिक्षिका अंजलि तोमर ने पुष्पवर्षा के ज़रिए सबका स्वागत किया। सीडीओ ने सभी बच्चों के साथ प्रार्थना व राष्ट्रगान में भी प्रतिभाग किया। इससे पहले विद्यालय की शिक्षिका अंजली तोमर ने पूरे विद्यालय कैम्पस को गुब्बारे, फूल और रंगोली से सजाया, जिसे देख सीडीओ ने विद्यालय कैंपस की सराहना की। प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार यादव सहित सभी शिक्षकों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि का सम्मान किया। इस अवसर पर संध्या पाण्डेय, रीना चौहान, अवधेश कुमार आदि उपस्थित थे।

औरंगाबाद में छात्र-छात्राओं ने टी 20 विश्व कप जीतने पर केक काट मनाया उत्सव

लोकतंत्र की आवाज

सुनील कुमार मिश्र(मगध ब्यूरो)

औरंगाबाद। जिल के रफीगंज महादेव घाट स्थित सत्यार्थी मैथमेटिक्स के संस्थापक कुंदन कुमार सत्यार्थी ने भारत की टीम को टी 20 विश्व कप जीतने पर विद्यार्थियों द्वारा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने केक काटाकर मिठाई आपस में बांट कर उत्सव मनाया।शिक्षक ने बताया कि भारत में ही नहीं पूरे विश्व में क्रिकेट का आनंद बुढ़े से लेकर नौजवान तक हर्षोल्लास के साथ लेते हैं।

जब आईसीसी की ओर से पहली बार टी 20 वर्ल्ड कप का आयोजन 2007 किया गया था।तो महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में पहला टी 20 विजेता के रूप में भारत ही घोषित हुआ था।तब पूरे देश में उत्सव मनाया गया था।11वर्ष बाद 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में दूसरी बार टी 20 वर्ल्ड कप में विश्व विजेता के रूप में पूरे विश्व में नाम रोशन किया है। इस अवसर पर रमेश कुमार ,बिट्टू ,मुन्ना, गौरव अमरेश, हर्ष, कमल, रंजीत ,आनंद, हार्दिक सिंह राजपूत, राहुल, रोहन ,छात्रा शिवानी ,पुनिता, स्वीटी अंजलि ,वर्षा ,रागिनी ,बबली ,दीप रानी ,सुरभि, खुशी ,मोनिका ,काजल ,करिश्मा मनीष, सोनी के साथ अन्य छात्र छात्रायें शामिल थे।

रक्तदान पौधरोपण व मरीजों में फल वितरण के साथ सपा नेता रामबचन यादव व डा.शोएबुल इस्लाम के नेतृत्व में मनाया गया अखिलेश यादव का जन्मदिन

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

सिकंदरपुर /बलिया। बेल्थरारोड मार्ग तहसील कार्यालय के समीप स्थित लाइफ केयर हॉस्पिटल में सोमवार को सपा के मुखिया अखिलेश यादव का जन्मदिन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पूर्व ब्लाक प्रमुख रामबचन यादव, डॉ सैय्यद शोएबुल इस्लाम व दिनेश चौधरी के नेतृत्व में धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर सपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान, पौधारोपण और मरीजों में फल वितरित करके और केक काटकर मनाया। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। वरिष्ठ सपा नेता सैयद इस्लाम ने कहा कि अखिलेश यादव आज के समय में देश के सबसे लोकप्रिय नेता बन गए हैं। हमारे नेता का आज जन्मदिन है उन्होंने सादगी के साथ जन्मदिन मनाने की अपील भी की थी। इसके लिए हम लोगों ने पीडीए पखवाड़े के तहत पौधे लगाए हैं क्योंकि हमारे नेता पर्यावरण से इंजीनियरिंग किए हुए हैं। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं से भी हम अपील करेंगे कि सभी लोग ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें। इस दौरान सुरेंद्र राजभर, रामशंकर खरवार, वारिस भाई,डॉ सतीश, अशोक यादव, मुन्नीलाल यादव, राजकुमार यादव, रामजीत राजभर, राजेश गोड, सौरव राजभर, हरिशंकर यादव, मोहम्मद शफीक, आदि मौजूद रहे।

तीन नए आपराधिक कानून लागू होने पर जागरूकता गोष्ठी आयोजित

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

सुखपुरा(बलिया)। सोमवार 1 जुलाई की तारीख से भारत में नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं। अंग्रेजों के जमाने के भारतीय दंड संहिता 1860, दंड प्रक्रिया संहिता,1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 अब समाप्त हो गए हैं। अब इनकी जगह भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने ले ली है। उक्त बातें प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र प्रसाद सिंह ने थाने पर आयोजित नए नियम के तहत जागरूकता गोष्ठी में कहीं। कहा कि इन कानूनों से जुड़े विधेयक को बीते साल संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा से पास करवाया गया था। इस कानून के लागू होने के बाद से कई धाराएं और सजा के प्रावधान आदि में बदलाव आया है। इन नए कानूनों के फायदे क्या हैं। बताया कि अब कहीं भी एफआईआर करा सकते हैं।

अब कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकता है, भले ही अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं हुआ हो। नये कानून में जुड़ा एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि गिरफ्तारी की सूरत में व्यक्ति को अपनी पसंद के किसी व्यक्ति को अपनी स्थिति के बारे में सूचित करने का अधिकार दिया गया है। इससे गिरफ्तार व्यक्ति को तुरंत सहयोग मिल सकेगा। मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के अंदर फैसला होना है।कहा कि इन कानूनों को भारतीयों ने, भारतीयों के लिए और भारतीय संसद द्वारा बनाया गया है तथा यह औपनिवेशिक काल के न्यायिक कानूनों का खात्मा करते हैं। नये कानूनों के तहत आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा और पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय किए जाएंगे।

- अब किसी भी थाने में दर्ज करा सकेंगे केस

रेप से लेकर मॉब लिंचिंग तक के लिए नए प्रावधान है: दुष्कर्म पीड़िताओं का बयान कोई महिला पुलिस अधिकारी उसके अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज करेगी और मेडिकल रिपोर्ट सात दिन के भीतर देनी होगी। राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है। इसके अलावा सभी जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल किए गए हैं। इसके अलावा मॉब लिंचिंग के मामले में फांसी की सजा का प्रावधान किया गया है।कहा कि नए कानून में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर एक नया अध्याय जोड़ा गया है, किसी बच्चे को खरीदना और बेचना जघन्य अपराध बनाया गया है और किसी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के लिए मृत्युदंड या उम्रकैद का प्रावधान जोड़ा गया है। शादी का झूठा वादा करने, नाबालिग से दुष्कर्म, भीड़ द्वारा पीटकर हत्या करने, झपटमारी आदि मामले दर्ज किए जाते हैं लेकिन मौजूदा भारतीय दंड संहिता में ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं थे। उन्होंने बताया कि भारतीय न्याय संहिता में इनसे निपटने के लिए प्रावधान किये गए हैं।

नए कानून में महिलाओं, पंद्रह वर्ष की आयु से कम उम्र के लोगों, 60 वर्ष की आयु से अधिक के लोगों तथा दिव्यांग या गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को पुलिस थाने आने से छूट दी जाएगी और वे अपने निवास स्थान पर ही पुलिस सहायता प्राप्त कर सकते हैं।इस मौके पर अपराध निरीक्षक केशव चन्द द्विवेदी, सब इंस्पेक्टर संजय सिंह, कांस्टेबल अभय सिंह, लव यादव,संदीप, अमित कुमार,तरुण सिंह आदि शामिल थे।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।